# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg.No. - CHHHIN / 2009/36148
डाक पंजीयन क्र. - 49 / रायगढ़ / C.G./2021-2023

वर्ष - 14 ■ अंक - 103 ■ अम्बिकापुर, शनिवार 15 अप्रैल 2023 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

www.cgfrontline.com


# यूपीएचसी नवापारा व पीएचसी लुण्ड्रा को प्रदेश स्तर पर प्रथम पुरस्कार

## राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री के हाथों डीपीएम व यूपीएम भी पुरस्कृत

■ मुख्यमंत्री सहित कलेक्टर कुन्दन कुमार ने दी बधाई

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लुण्ड्रा व शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा को बेहतर काम के लिए क्रमशः कायाकल्प योजना व आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत राज्य में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव द्वारा 13 अप्रैल को राजधानी रायपुर में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में प्रमाण पत्र व शील्ड से सम्मानित करते हुए पीएचसी लुण्ड्रा को पुरस्कार स्वरूप एक लाख रुपये का चेक प्रदान किया। कोरोना काल में उत्कृष्ट कार्य हेतु राज्य के सर्वश्रेष्ठ जिला कार्यक्रम प्रबंधक का पुरस्कार सरगुजा जिला के डॉ. पुष्पेंद्र राम व राज्य के सर्वश्रेष्ठ शहरी कार्यक्रम प्रबंधक का पुरस्कार डॉ. अमीन फिरदौसी को मिला। सर्वश्रेष्ठ अस्पताल सलाहकार का पुरस्कार सरगुजा संभाग अंतर्गत जशपुर जिला के अस्पताल के सलाहकार राजेश कुरील को दिया गया। जिला अस्पताल की श्रेणी में अस्पतालों को मिले पुरस्कार से सरगुजा संभाग अछूता रहा।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लुण्ड्रा को शासकीय अस्पतालों में सफाई प्रबंधन, रोग नियंत्रण, भवन एवं परिसर सौंदर्यीकरण, रोग सेवा में सुधार, स्वच्छ भारत मिशन का क्रियान्वयन, स्वच्छ अस्पताल योजना में किए गए कार्यों के आधार पर वर्ष 2022-23 के लिए प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र की श्रेणी में व शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा को आयुष्मान भारत योजना के बेहतर क्रियान्वयन में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। कायाकल्प योजना के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सीतापुर व हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर परसोड़ी को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। दोनों अस्पतालों को प्रदेश स्तर पर प्रथम पुरस्कार मिलने पर कलेक्टर कुन्दन कुमार सहित जिले के जनप्रतिनिधियों ने बधाई दी है। राज्य स्तरीय कायाकल्प पुरस्कार समारोह में सीजीएमएससी के अध्यक्ष डॉ. प्रीतम राम, स्वास्थ्य विभाग के सचिव आर. प्रसन्ना, संचालक स्वास्थ्य सेवाएं भीम सिंह, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक भोसकर विलास संदिपान और सीजीएमएससी के प्रबंध संचालक चंद्रकांत वर्मा मौजूद थे।



### संभाग के इन अस्पतालों को भी प्रथम पुरस्कार

राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रेणी में सरगुजा संभाग के मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के जनकपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को प्रथम पुरस्कार मिला। उप स्वास्थ्य केंद्र श्रेणी में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के खजूरी उप स्वास्थ्य केंद्र और सूरजपुर जिला के जूर उप स्वास्थ्य केंद्र को प्रथम पुरस्कार, सूरजपुर के डेडरी उप स्वास्थ्य केंद्र को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। अंबिकापुर के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा, नवागढ़ व सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सीतापुर को सांत्वना पुरस्कार मिला।

### ऐसे किया गया पुरस्कार विभाजन

जिला अस्पताल की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 लाख रुपये और द्वितीय पुरस्कार के रुपये और द्वितीय पुरस्कार के रूप में 10 लाख रुपये प्रदान किए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र श्रेणी में प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहे दोनों अस्पतालों को दो-दो लाख रुपये, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र श्रेणी में प्रथम पुरस्कार के रूप में दो लाख रुपये और द्वितीय पुरस्कार के रूप में डेढ़ लाख रुपये, उप स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करने वाले अस्पतालों को एक-एक लाख रुपये और द्वितीय पुरस्कार के विजेता अस्पताल को 50 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई।

### छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर विशेष जोर-बघेल

स्वच्छ अस्पताल योजनांतर्गत चयनित अस्पतालों को पुरस्कार वितरित कर उनके बेहतर प्रबंधन के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बधाई व शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर विशेष जोर दिया जा रहा है, जिससे सुगम इलाज की सुविधा मिल सके, यही वजह है कि शासकीय अस्पतालों के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ने लगा है। राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को आम जनता तक पहुंचाना, स्वास्थ्य अधोसंरचना को बेहतर बनाना हमारी प्राथमिकता है। वैश्विक महामारी कोरोना संकट के समय कई तरह की चुनौती के दौर से गुजरने के बाद भी ऐसे संकट के दौर में प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, डॉक्टरों, स्टॉफ ने अपनी जान की परवाह किए बिना मानवता की सेवा की, जो एक मिसाल है।

#### दुर्गम व पहुंचविहीन क्षेत्रों तक पहुंच रही स्वास्थ्य सेवा

स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि स्वास्थ्य अमले ने कोरोना काल में खतरों और चुनौतियों के बीच अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी पूर्ण किया। पिछले कुछ वर्षों में शासकीय अस्पतालों में स्वच्छता को प्राथमिकता में लेकर इस पर खास ध्यान दिया जा रहा है। अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण के लिए अच्छी अधोसंरचना, उपकरण, दवाइयां और पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विभाग के समर्पित स्टॉफ दुर्गम और पहुंचविहीन क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचा रहे हैं.

# शहर के हृदयस्थल में आधी रात को बीच सड़क में घूम रहा था भालू

## पुलिस व वन विभाग की टीम ने जंगल की ओर खदेड़ा

■ शहर में निकली पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी की भालू पर पड़ी नजर

■ वन अधिकारियों तक पहुंची सूचना, पुलिस व वन अमले ने भालू को शहर सीमा से खदेड़ा



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शहर के हृदयस्थल से लगे देवीगंज मुख्य मार्ग में गुरूवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात जंगल से भटक कर पहुंचे भालू ने पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी के होश उड़ा दिए। भालू पर निरंतर निगरानी रखते इसकी सूचना वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों व वन विभाग के उच्चाधिकारियों को दी गई। गनीमत रही कि रात होने के कारण शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग में सन्नाटा पसरा था, फिर भी रास्ते से आने-जाने वाले राहगीरों, मोटरसाइकिल सवारों के लिए भालू खतरा बन सकता था। इधर पुलिस पार्टी पेट्रोलिंग वाहन की लाइट से भालू के कभी किसी के घर के अहाते को फांदने का प्रयास करने तो कभी घरों के किनारे खड़ी गाड़ियों के आगे-पीछे से सुरक्षित ठिकाना की आस में लगे भालू की निगरानी कर रही थी। भालू को देखकर कुत्ते भी भौंक रहे थे, जिससे वन्यप्राणी भालू घबराया प्रतीत हो रहा था। सूचना पर वन अमला पहुंचा और संभावित खतरे की बने हालात से लोगों को आगाह कराते बाहर नहीं निकलने, भालू के मार्ग में आमने-सामने नहीं होने की सलाह दे रहा था।

### रसोईयों के पंडाल में पहुंचा भालू

देवीगंज वार्ड के देव होटल मार्ग पर स्थित एसबीआई कलेक्टोरेट शाखा के सामने हड़ताली रसोईयों का पंडाल लगा है। भालू के देवीगंज मार्ग से होते आने की सूचना पुलिस इन्हें दे पाती, इसके पहले भालू उनकी नजरों के सामने खड़ा था, जिससे पंडाल में सोए रसोईयों के बीच भगदड़ की स्थिति बन गई। हालांकि भालू ने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया और पंडाल से होते निकल गया। अगर समय रहते पुलिस ने इन्हें सतर्क नहीं किया होता तो भालू यहां सो रहे लोगों के लिए खतरा साबित हो सकता था। इसके बाद पुलिस व वन अमला लोगों को सतर्क करते भालू के गमन मार्ग पर नजर जमाए रखा था। भालू के सरगवां, सकालो होते प्रतापपुर जंगल की ओर निकलने की संभावना है।

### जंगलों में मानव का कब्जा बड़ा कारण

उजड़ते जंगल और वन क्षेत्र में मानव का कब्जा इसका एक बड़ा कारण माना जा सकता है। अपने स्वार्थ के लिए लोगों ने वनों के घनत्व को कम कर दिया है। वन पट्टा की प्राप्ति के लिए हरसंभव कोशिश की गई, जिससे वनों का रकबा काफी कम हो गया है। ऐसे में वन्य प्राणी आए दिन शहर की ओर रूख करने में लगे हुए हैं। भालू का इसके पहले भी शहर की बस्ती क्षेत्र में प्रवेश हो चुका है। दशकों पहले शहर के कलेक्टर बंगला मार्ग में घर के अंदर घुसे भालू ने एक चिकित्सक को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था, जिनकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी। घर के घुसे एक अन्य भालू को काफी मुश्किल से टेंक्युलाइज कर घर के अंदर से कब्जे में वन अमले ने लिया था।

वन अमले की कोशिश भालू को जंगल के रास्ते ले जाने की थी, जिसमें काफी मशक्कत के बाद उन्हें शुक्रवार की सुबह सफलता मिल पाई। वन परिक्षेत्राधिकारी ने बताया समय रहते भालू के शहर के अंदर प्रवेश करने की जानकारी लग गई। रिहायशी इलाका होने की वजह से भालू अगर सुबह तक ऐसे ही घूमते रहता, तो सुबह टहलने, व्यायाम करने के लिए निकलने वालों के लिए खतरनाक साबित हो सकता था। उनका मानना है कि शहर का कई हिस्सा जंगल की सीमा से लगा है, जिसकी वजह से आए दिन वन्यप्राणी भटकते शहर के अंदर प्रवेश कर जाते हैं।

# रानी के आंखों की रोशनी लौटे, इसके लिए विधायक ने दिए 50 हजार

## बृहस्पति सिंह ने कहा-देश के किसी भी नेत्रालय में इलाज संभव हो, तो करेंगे मदद



**छ.ग.फ्रंटलाइन रामानुजगंज।** ग्राम बुलगांव की रानी सोनी 21 वर्ष के आंख में आई परेशानी के बाद स्वजनों ने भारत के सभी नामी नेत्रालय में जाकर उसका इलाज कराया, परंतु आंख की रोशनी नस सूखने कारण जाती रही। वहीं बेटी का इलाज कराते-कराते स्वजनों की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई थी, जब इसकी जानकारी विधायक बृहस्पत सिंह को दी गई, तो उन्होंने आर्थिक मदद करते हुए 50 हजार रुपये का चेक रानी को प्रदान किया। उन्होंने कहा यदि रानी का इलाज देश के किसी भी नेत्रालय में संभव हो तो वहां भी इलाज में मदद की जाएगी।

गौरतलब है कि ग्राम बुलगांव निवासी मदन सोनी की बेटी रानी सोनी का पढ़ने के दौरान ही कक्षा 10वीं में आंख से देखने में दिक्कत होने लगी। स्वजन विभिन्न नेत्र विशेषज्ञों को बेटी को दिखाए, इसके बाद उन्हें देश के बड़े नेत्रालय में दिखाने की सलाह नेत्र विशेषज्ञों ने दी। इसके बाद इलाज के लिए देश के कई नामी नेत्रालय में उसे ले गए परंतु आंख का नस सूखने के कारण आंख की रोशनी जाती रही। बेटी के इलाज में काफी पैसा खर्च होने से घर की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई। इसकी जानकारी जब विधायक बृहस्पत सिंह को मिली, तो उनके द्वारा 50 हजार रुपये का चेक प्रदान कर आर्थिक मदद की गई। श्री सिंह ने कहा रानी का इलाज देश के किसी भी नेत्रालय में संभव होगा तो इलाज में मदद की जाएगी।

## आग रोकिए विनाश रोकिए का संदेश





**एजेंसी देना है**

**सीतापुर, वाड्रफनगर, चिरिमिरी**

में एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति सुरक्षा धन राशि के साथ संपर्क करें।

**दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर सरगुजा छ.ग.**

फोन नं. 9826142977, 9714108088


# मछली पकड़ने गए पिता-पुत्री की पानी में डूबने से मौत

## 18 घंटे बाद एसडीआरएफ की टीम ने दोनों के शव को पानी से निकाला

■ एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत से गांव में पसरा मातम



**छ.ग.फ्रंटलाइन उदयपुर।** सरगुजा जिले के उदयपुर थाना क्षेत्र में पिता-पुत्री की तालाब में डूबने से मौत हो गई। दोनों मछली पकड़ने तालाब में गए थे। मृतक के दो बच्चे इनके साथ थे, लेकिन वे सूखे रास्ते से चल रहे थे। पल भर में इनकी नजरों के सामने बहन और पिता जलमग्न हो गए। बेटी को बचाने की हरसंभव कोशिश पिता ने की, लेकिन वह न तो खुद को बचा पाया और ना ही बेटी बच पाई। एसडीआरएफ की टीम ने शुक्रवार की सुबह 18 घंटे बाद पिता-पुत्री के शवों को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए पुलिस के सुपुर्द किया। दु:खद घटना से गांव में मातम का माहौल है।

जानकारी के मुताबिक उदयपुर विकासखंड के ग्राम जरहाडीह का रामू 40 वर्ष अपनी आठ वर्षीय पुत्री कान्शी के साथ मछली मारने घर से लगभग एक किलोमीटर दूर जंगल किनारे स्थित खालमुड़ा दोपहर 12 बजे के करीब गया था। मछली मारने मृतक रामू का बेटा विनोद 10 वर्ष, आंशी 05 वर्ष भी साथ गए थे। बड़ी बेटी मांशी 15 वर्ष घर पर ही थी। दोपहर एक से दो बजे के बीच मछली मारने के बाद रामू ने अपनी एक बेटी कान्शी को पीठ में उठ लिया और पानी के बीचों-बीच पार होने लगा। मृतक रामू ने बेटा विनोद तथा बेटी आंशी सूखे रास्ते व मेड़ की ओर से घर जाने के लिए कहा। पानी में लगभग 30 मीटर दूर जाने पर पीठ में सवार बच्ची पानी में पहले डूबने लगी और अपने भाई को बचाने के लिए गुहार लगाई, विनोद अपने पिता को छोटी बहन को बचाने चिल्लाया, जिस पर रामू ने कह पैर फंस गया है। विनोद ने पुन: पिता को वापस आने कहा तो रामू ने कहा पैर कीचड़ में फंस गया है, धीरे धीरे दोनों गहरे पानी में समाने लगे। इसके पहले रामू ने अपनी बेटी को बचाने का भरपूर प्रयास किया। वह अपनी बेटी को पीठ से सिर पर बैठा लिया। नाक और मुंह में पानी जाने से पहले वह बेटी को एक बार फिर दोनों हाथों से सिर के ऊपर तक उठा लिया, अंतत: जब पानी में डूबने लगा तो बेटी भी हाथ से छूटकर गहरे पानी में समा गई। दोनों को पानी में समाते छोटा बालक विनोद व बच्ची आंशी देखते रह गए, परंतु कुछ कर नहीं पाए। कुछ देर बाद गांव के लोग आए और घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और गांव के धनेश्वर, बाबूलाल, अशोक, सहल सहित अन्य ने पानी में डूबे पिता-पुत्री की तलाश की लेकिन सफलता नहीं मिली। इसकी सूचना एसडीआरएफ अंबिकापुर की टीम को दी गई। एसडीआरएफ की टीम सायं 7 बजे के करीब घटना स्थल आकर खोजबीन की परंतु रात होने के कारण वे भी इन्हें खोजने में सफल नहीं हो पाए और रेस्क्यू का काम रोकना पड़ा। शुक्रवार को सुबह सात बजे से फिर खोजबीन शुरू हुई, एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बासुदेव यादव के नेतृत्व में आई एसडीआरएफ की टीम इनके शव को ढूंढ निकालने में सफल हुई। कीचड़ में फंसे रामू को सबसे पहले पानी से निकाला गया, फिर छोटी लड़की को निकाला गया। इस दौरान उप निरीक्षक समरेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक संतोष गुप्ता, आरक्षक देवनारायण कंवर, रविन्द्र साहू, अजय शर्मा, सैनिक अपिकेश्वर और नीरज साहू सक्रिय रहे।

# राष्ट्रीय अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह शुरू, शहीद अग्निशमन सेवकों को दी श्रद्धांजलि

## पहले दिन अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं, एसडीआरएफ, नगर सेना ने निकाली संयुक्त रैली




**अंबिकापुर।** राष्ट्रीय अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह 14 से 20 अप्रैल के अंतर्गत शुक्रवार को पहले दिन अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं, एसडीआरएफ, नगर सेना द्वारा संयुक्त रूप से अग्निशमन केंद्र अंबिकापुर से रैली निकाली, जिसे संभागीय सेनानी राजेश पांडेय तथा जिला सेनानी एसके कठुतिया नगर सेना अंबिकापुर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अग्निशमन सेवा देते शहीद हुए अग्निशमन सेवकों को अश्रुपूरित श्रद्धांजली अर्पित की गई। रैली अग्निशमन केंद्र से प्रभारी अंजनी कुमार तिवारी के नेतृत्व में प्रतीक्षा बस स्टैंड, बिलासपुर चौक, अस्पताल रोड, अग्रसेन चौक, जयस्तंभ चौक, महामाया चौक, लरंग साय चौक होते नगर सेना लाइन अंबिकापुर में संपन्न हुई। रैली में अग्निशामक वाहनों व आग लगने के दौरान उपयोग में लाए जाने वाले आवश्यक संसाधनों के साथ अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं, एसडीआरएफ की टीम चल रही थी। इनके द्वारा नगर वासियों सहित शहर के बड़े प्रतिष्ठान, शोरूम, अस्पताल के संचालकों को गर्मी के मौके को देखते हुए अग्निरोधी उपायों की ओर ध्यान देने का संदेश दिया गया। इस दौरान होमगार्ड के महिला-पुरूष जवान दो पहिया वाहनों में संयुक्त रूप से चल रहे थे। अग्निशमन, आपातकालीन सेवाएं, एसडी आरएफ की टीम ने आग रोकिए विनाश रोकिए, आग से होने वाली क्षति आपकी है, अग्निशमन यंत्रों का उपयोग करें, बीड़ी, सिगरेट जलता हुआ ना छोड़ें, बिजली का ओवरलोड उपयोग न करें और स्वयं सुरक्षित रहें का संदेश दिया। अंजनी तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय अग्नि शमन सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत 20 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, ताकि लोग अग्निरोधी उपायों को अपनाने जागरूक हों। उनके द्वारा इस मौके पर अस्पतालों में लगे फायर संसाधनों की जांच की जाएगी, कमियों को दूर करने निर्देशित किया जाएगा। शनिवार को शहर के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आग लगने या शार्ट-सर्किट जैसी स्थिति में क्या पहल करें, इसके लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। शहर में संचालित विभिन्न स्कूलों में अग्निरोधी उपायों के परीक्षण के साथ प्रबंधन, शिक्षक-शिक्षिकाओं को आग को बढ़ने से कैसे रोकें, इसकी जानकारी दी जाएगी।

# भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब की जयंती पर लोकतंत्र को बचाने निकली 'वॉक फार डेमोक्रेसी' रैली




**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर युवक कांग्रेस ने लोकतंत्र को बचाने के लिये 'वॉक फार डेमोक्रेसी' रैली का आयोजन किया। छत्तीसगढ़ युवक कांग्रेस के आह्वान पर प्रदेश भर में युवक कांग्रेस इन रैलियों का आयोजन कर रहा है। युवक कांग्रेस के तत्वावधान में आयोजित रैली में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल में जिस प्रकार से लोकतांत्रिक संस्थाओं को आधार विहीन किया जा रहा है और जिस प्रकार से देश में एकदलीय शासन व्यवस्था को स्थापित करने के लिए विपक्षी नेताओं के विरुद्ध अलोकतांत्रिक कार्रवाई की जा रही है, उसके विरोध में इस रैली का आयोजन किया गया था। रैली जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन से प्रारंभ होकर संगम चौक पहुंची, यहां से अंबेडकर चौक पहुंच कर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा में कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण किया। रैली में पीसीसी महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, विनय शर्मा, अतुल शर्मा, प्रमोद चौधरी, अनूप मेहता, युवक कांग्रेस अध्यक्ष विकल झा, प्रतीक विश्वकर्मा, आलोक सिंह, नितिश चौरसिया, रजनीश सिंह, सतीश बारी, आतिफ रजा, विकास केशरी, निलेश कश्यप, मिथुन सिंह, आशीष जायसवाल, धीरज पटवा, निक्की खान, उत्तम राजवाड़े, अमित तिवारी, आमिर सोहैल, हिमांशु अग्रवाल, आकाश अग्रहरि, हिमांशु जायसवाल, शिप्पू सिंह, आशीष जायसवाल, धीरज गुप्ता, पवन साय, आकाश यादव, संजर, नवाज अभिषेक सोनी, गगन निगम, पवन सोनी, काजल गुप्ता, आरती सिंह, मंटू गुप्ता, राहुल गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता, अविनाश ठाकुर सहित अन्य शामिल थे।

## बाबा साहेब को राजीव भवन में कांग्रेस ने दी श्रद्धांजली



बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। 14 अप्रैल 1991 को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का जन्म मध्यप्रदेश में इंदौर के महू में हुआ था। उनकी 132वीं जयंती पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पीसीसी महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा ने कहा कि बाबा साहब के कानून की विशेषज्ञता और विभिन्न देशों के संविधान के ज्ञान ने उनके द्वारा भारत के संविधान के निर्माण में एक विशिष्ट योगदान का काम किया। अपनी काबिलियत के दम पर ही वे स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री बने। जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा बाबा साहब का यह मानना था कि जीवन लंबा होने के बजाय महान होना चाहिए, वे उस धार्मिक मान्यता को पसंद करते थे, जो समाज में स्वतंत्रता, समानता और भाईचारा सिखाता है। उनका कहना था धर्म मनुष्य के लिए है, न कि मनुष्य धर्म के लिए। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हेमंत सिन्हा ने कहा बाबा साहब उसी समाज को प्रगतिशील मानते थे, जिसमें महिलाओं ने बराबरी से प्रगति की है। कानूनी स्वतंत्रता से अधिक वे सामाजिक स्वतंत्रता को महत्वपूर्ण मानते थे। बाबा साहब की जयंती पर आयोजित सभा में कांग्रेस के वरिष्ठ, कनिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल थे।

## बाबा साहेब ने पिछड़े व कमजोर वर्ग को दिलाया अधिकार :कलेक्टर



**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. और अन्य अधिकारियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कलेक्टर श्री दयाराम के. ने जिले के समस्त लोगों को डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता एवं भारत रत्न डॉ. आंबेडकर ने संविधान के निर्माण में अभूतपूर्व योगदान दिया। कलेक्टर ने कहा कि बाबा साहेब ने कमजोर और पिछड़े वर्ग के अधिकारों के लिए पूरा जीवन संघर्ष किया। वह सामाजिक नवजागरण के अग्रदूत और समतामूलक समाज के निर्माणकर्ता थे। कलेक्टर ने जिले के समस्त लोगों से आह्वान किया है कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन मूल्यों एवं सिद्धांतों का न सिर्फ अध्ययन करें, बल्कि उनके जीवन आदर्शों का अनुसरण करके समतामूलक समाज के निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दें।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री एस.एस. पैकरा, डिप्टी कलेक्टर श्री शशी चौधरी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बलरामपुर श्री भरत कौशिक सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### कायाकल्प कार्यक्रम के तहत् जिले के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर

# उप स्वास्थ्य केंद्र खजुरी को प्रदेश भर में मिला प्रथम स्थान



**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** कायाकल्प योजना वर्ष 2022-23 के अंतर्गत 13 अप्रैल को मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री टी. एस. सिंहदेव की उपस्थिति में पुरस्कार समारोह रायपुर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, उप स्वास्थ्य केंद्र खजूरी को प्रदेश भर में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बलरामपुर डॉ. बसंत सिंह ने जानकारी दी है कि कायाकल्प योजना के तहत स्वास्थ्य संस्थाओं को बेहतर बनाने के सभी प्रयास किये जा रहे हैं। कायाकल्प योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग तथा सहयोगी संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारिओं की ओर से स्वास्थ्य संस्थाओं में उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं के आधार पर अंक प्रदान किये जाते हैं। इस क्रम में जिले के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर उप स्वास्थ्य केंद्र खजुरी को पुरे छत्तीसगढ़ में पहला स्थान प्राप्त करने पर मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री द्वारा कायाकल्प अवार्ड से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर डॉ. सिंह ने बताया कि कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के कुशल नेतृत्व में जिले में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर पूरे छत्तीसगढ़ में पहले स्थान आने पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं है। डॉ. सिंह ने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर मिला यह सम्मान निश्चित तौर पर हमें और बेहतर कार्य करने को प्रेरित करेगा। उन्होंने जानकारी दी कि जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों को सभी आवश्यक सेवाओं व सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है, स्वास्थ्य विभाग की यह कोशिश है कि मरीजों को तुरंत जरुरी सुविधा मुहैया करायी जा सके। उन्होंने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार और आधारभूत सरंचनाओं के सुदृढ़ीकरण के कारण मरीजों का विश्वास स्वास्थ्य विभाग में बढ़ा है। इसमें कायाकल्प कार्यक्रम की अहम् भूमिका है। इसके अलावा जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री राजीव रंजन मिश्रा ने बताया कि जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रनहत को भी सराहना पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

# नगर सेना बलरामपुर द्वारा अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह का किया गया आयोजन

### कलेक्टर ने जन जागरूकता को अग्नि दुर्घटना से बचाव के लिए बताया आवश्यक



**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस 14 अप्रैल के अवसर पर अग्नि सुरक्षा बचाव कार्य में शहीद हुए अग्निशमन अधिकारी/कर्मचारी के आत्मा की शांति के लिये कार्यालय जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी नगर सेना बलरामपुर के कर्मचारियों द्वारा दो मिनट का मौन धारण किया गया। बलरामपुर के जिले वासियों को अग्नि सुरक्षा उपाय के प्रति जागरूक करते हुये बलरामपुर पुराना बस स्टैंड से संयुक्त कलेक्ट्रेट कार्यालय तक अग्निशमन कर्मचारियों एवं जवानों के द्वारा मौन रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने अग्नि दुर्घटना से होने वाले नुकसान एवं बचाव के उपाय कर्मचारियों/जवानों को बताया साथ ही अग्नि दुर्घटना से बचाव के लिए जन जागरूकता को आवश्यक बताया। इस अवसर पर सभी जवानों को निर्देशित किया गया कि वे सभी स्कूल, कॉलेजों, हॉट-बाजार एवं सभी रहवासी एवं कामर्शियल क्षेत्र में जाकर आम जनता को अग्नि सुरक्षा के उपायों के प्रति जागरूक करें।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री एस.एस. पैकरा, डिप्टी कलेक्टर श्री शशी चौधरी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बलरामपुर श्री भरत कौशिक, अग्निशमन केन्द्र प्रभारी अधिकारी उपनिरीक्षक, अखिलेश कुमार, फायरमेन श्रवण कुमार लकड़ा, सुनील एक्का, फ्रांसिस जेवियर व मेजर संजय पटेल, शिवप्रवेश दुबे एवं नगर सेना के जवान उपस्थित थे।

## घर से गौ मांस जप्त, बेचने वाला गिरफ्तार

**बलौदाबाजार। छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिले के ग्राम संडी में आवारा घुमते गाय बैलों को मारकर उसके मांस की बिक्री करने वाले दो युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के घर से गाय के तीन पैर और कटा हुआ मांस प्लास्टिक की बोरी से जप्त किया है। मामला पलारी थाना का क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार,विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यकर्ता ने रिपोर्ट लिखाई थी कि कि ग्राम संडी का कृपाराम पात्रे आवारा घूमते गाय बैलों को मारकर उसके मांस की बिक्री की जा रही है। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसके घर से गाय के तीन पैर और कटा हुआ मांस प्लास्टिक की बोरी से जप्त किया।

## प्रशिक्षक के चयन हेतु वॉक इन इंटरव्यू 17 को

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत सूरजपुर जिले में खेलो इंडिया का फुटबॉल प्रषिक्षण केन्द्र फुटबॉल टेऊनिंग सेंटर हर्राटिकरा खेल एवं युवा कल्याण, सूरजपुर प्रारंभ किया जा रहा है योजना की गाईडलाइन अनुसार प्रषिक्षण केन्द्र के लिए 01 प्रषिक्षक नियुक्त किया जाना है। प्रषिक्षक के लिए योग्यता फुटबॉल में अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी या सीनियर वर्ग की नेषनल ओपन चैम्पियनषिप (फुटबॉल महासंघ द्वारा आयोजित) में प्रतिनिधित्व या अन्तर विष्वविद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व एवं प्रषिक्षण कार्य का अनुभव होना चाहिए। अभ्यर्थी अपने बायोडाटा के साथ 20 अप्रैल 2023 को दोपहर 02:00 बजे संयुक्त कलेक्टर कार्यालय जिला सूरजपुर में उपस्थित होकर वॉक इन इंटरव्यू (walk in interview) में शामिल हो सकते हैं। समय के पश्चात उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को शामिल नहीं किया जायेगा। प्रषिक्षक के चयन पश्चात भारत सरकार के खेलो इंडिया योजना के पोर्टल में प्रषिक्षक के बायोडाटा की एंट्री के पश्चात् भारत सरकार द्वारा प्रषिक्षक के वेतन के लिए उपलब्ध करायी जाने वाली राशि के प्रषिक्षक को प्रतिमाह 25000 (पचीस हजार रुपये) का वेतन, शासन के प्रचलित नियमानुसार प्रदान किया जायेगा।

# भक्तिभाव से मना खालसा सजना दिवस

### वैशाखी पर्व पर श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा पहुंच टेका मत्था

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** नगर के गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में वैशाखी पर्व व खालसा सजना दिवस भक्तिभाव से मनाया गया। शुक्रवार को अखण्ड पाठ की समाप्ति पश्चात रागी जत्था भाई करनैल सिंह व हरदेव सिंह द्वारा साध संगत को गुरुबाणी रूपी कीर्तन सुनाकर निहाल किया। इस दौरान दशमेश गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा वैशाखी पर्व पर खालसा पंथ की स्थापना किए जाने पर कथा रूपी प्रकाश डालते हुए संगत को स्मरण कराया गया। अरदास समाप्ति पश्चात गुरु का लंगर चलाया गया, जहां काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद रूपी लंगर ग्रहण किया।गौरतलब है कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वैशाखी पर्व से दो दिन पूर्व निशान साहेब की सेवा सिक्ख सेवादारों द्वारा सम्पन्न कराई गई थी। वैशाखी पर्व पर एसईसीएल कम्पनी के महाप्रबंधक अमित सक्सेना, मुख्य सुरक्षा अधिकारी पार्थ चटर्जी सहित कंपनी के अन्य अधिकारी भी गुरुद्वारा पहुंचकर गुरु ग्रंथ साहेब जी के समक्ष मत्था टेका व क्षेत्र के मंगल कामना की अरदास की।



**नई प्रबंधन कमेटी की हुई घोषणा**

अरदास समाप्ति पश्चात पूर्व कोषाध्यक्ष जसबीर सिंह ने नवीन प्रबंधन कमेटी बनने की घोषणा समूह साध संगत के बीच की। नई कमेटी में रशपाल सिंह अध्यक्ष, सुविन्दर सिंह को सचिव व परमजीत सिंह को कोषाध्यक्ष के पद का दायित्व मिला है। इसके अलावा संरक्षक पद पर सुरजीत सिंह चावला, हरजीत सिंह सैनी, गुरुदयाल सिंह व सुखदेव सिंह नियुक्त किए गए हैं।

## दो ट्रकों में जबरदस्त भिड़ंत,चालक की हालत नाजुक


**बिलाईगढ़। छ.ग. फ्रंटलाइन।** छत्तीसगढ़ में अनवरत सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला चल रहा है। ऐसे में शनिवार को दो अलग-अलग जगह से सड़क हादसा का मामला सामने आया है। एक तरफ जहां कांकेर के ग्राम आतुरगांव नेशनल हाईवे 30 पर दो ट्रकों के बीच आपस में भिड़त हो गई।

टक्कर इतना जबरदस्त था कि ,जगदलपुर से रायपुर की ओर जानेवाली ट्रक के परखच्छे उड़ गए । इस हादसे में एक ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया,वहीं दूसरा ट्रक चालक को गंभीर चोटे आई है। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल चालकों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ,जहां उसका इलाज चल रहा है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

# मवेशियों द्वारा 30 एकड़ गेंहू फसल किया चौपट

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** शासन द्वारा चलाए जा रहे रोका छेका अभियान व गोठान की योजनाएं केवल कागजों में ही पूर्णरूप से सफल होती नजर आ रही है। मवेशियों के आतंक की वजह से ग्राम पंचायत कुरुवां के आधा दर्जन किसानों के करीब 30 एकड़ भूमि के गेंहू फसल नुकसान हो गया है। लापरवाही से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें झलकने लगी है। गौरतलब है कि सूरजपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत कुरुवां निवासी किसान क्रमशः रितेश दुबे के 6 एकड़, हरनारायण दुबे के 5 एकड़, मार्तण्ड शर्मा के 3 एकड़, बाल नारायण दुबे के 5 एकड़, अजय दुबे के 2 एकड़, जितेन्द्र सिंह के 2 एकड़, सुरेन्द्र शिंदे के 2 एकड़, नूतन दुबे के 1 एकड़ में लगे गेहूं के फसलों को मवेशियों ने चर दिया है। मवेशियों द्वारा नुकसान पहुंचाए जाने से किसानों को आर्थिक व मानसिक रूप से परेशानी का सामना करना पड़ गया है। किसानों का कहना है कि शासन द्वारा चलाए जा रहे गोठान व रोका छेका अभियान की वास्तविक स्थिति मैदानी स्तर पर दम तोड़ दी है। उन्होंने बताया कि मवेशियों के खेतों में जाने से रोकने हेतु मवेशियों के स्वामियों द्वारा कोई पहल न किए जाने से ऐसी स्थिति निर्मित हो रही है। पशुपालकों की मनमानी से नाराजगी व्याप्त है।



# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्वस्थ रहने के लिए किया ब्रिस्क वॉक

**अंबिकापुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** 8 अप्रैल विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वस्थ बने रहने के लिए कल परसा केते कोलियरी लिमिटेड के कर्मचारियों ने सामूहिक दौड़ लगाई। जिले के उदयपुर तहसील में स्थित राजस्थान राज्य विद्युत् उत्पादन निगम लिमिटेड के ग्राम साल्हि में शुक्रवार को वॉकाथन का आयोजन किया गया। सबके लिए अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अदाणी फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस वॉकिंग मैराथन में अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) के अधिकारियों तथा सहायक कंपनियों के कर्मचारियों सहित 200 से अधिक प्रतिभागियों ने स्वस्थ रहने के लिए दौड़ लगायी।

खेल मैदान में श्री मनोज कुमार शाही ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि, विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित यह वॉकाथन हमें स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सीख देता है। हमें हमारे स्वस्थ शरीर के लिए प्रतिदिन ब्रिस्क वॉक करना चाहिए। इससे हमारे शरीर की ऊर्जा दिन भर बनी रहती है। अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने रोज सुबह शाम चलना तथा योग का अभ्यास करना बहुत जरुरी है। इस अवसर पर एईएल के स्वास्थ्य विभाग के हेड डॉ. दीपक कुमार पुंगले और उनकी टीम ने ग्रामीणों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए एक चिकित्सा शिविर भी लगाया जहां 50 से ज्यादा लोगों ने स्वास्थ्य की जांच कराई।

भाग लिया।

ग्राम साल्हि मोड़ से साल्हि खेल मैदान तक कुल पांच किलोमीटर की वॉकाथन को एईएल के क्लस्टर प्रमुख श्री मनोज कुमार शाही ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर क्लस्टर एचआर हेड श्री राम द्विवेदी, टीसीडी हेड श्री सत्येंद्र बघेल, एफएंडए हेड श्री अमित कुमार तिवारी ने भी

कार्यक्रम के सफल आयोजन में एईएल के मानव संसाधन विभाग के श्री गजेंद्र राजावत, श्री प्रभाकर सिंह चौहान, श्री नागेंद्र शर्मा तथा अदाणी फाउंडेशन के सौरभ सिंह, फील्ड स्टाफ और चिकित्सकों इत्यादि ने समग्र प्रबंधन में सहायता प्रदान की।




अदाणी फाउंडेशन, आरआरवीयूएनएल के सामाजिक सहभागिता के अंतर्गत गुणवत्तायुक्त शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका संवर्धन एवं अधोसंरचना विकास के विभिन्न कार्यक्रम संचालित कर रहा है। जिनमें उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधा हेतु मोबाइल मेडिकल वैन का परिचालन भी किया जा रहा है।

## मोबाइल दुकान में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, करंजी पुलिस की कार्रवाई

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**दतिमा मोड़।** करंजी पुलिस ने करीब 15 दिन हुए पहले आयुष मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक दुकान से मोबाइल व अन्य समान चोरी करने वाले आरोपी निवासी सकलपुर राकेश उर्फ पीनट सिंह पिता प्रेमसाय उम्र 20 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। जिन्होंने इससे पूर्व कई अन्य चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

जानकारी के मुताबिक राई निवासी आयुष जायसवाल ने करंजी चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दतिमा चौक में स्थित शॉप में 30 मार्च की रात अज्ञात चोरों ने दुकान की सीट तोड़कर दुकान अंदर प्रवेश कर मोबाइल, पर्श, नगद व अन्य समान मोबाइल चोरी कर ले गए है। जिसके बाद पुलिस ने धारा 447,380 भा.द.स कायम कर तत्काल विवेचना शुरू कर दी थी। पुलिस को एक आरोपी के सकलपुर गांव में होने की सूचना मिली और वहां मोबाइल बेचने ग्राहक तलाश कर रहा था। पुलिस की सक्रियता से राकेश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 नग रियलमी की मोबाइल रस्सी तथा नगद राशि जप्त किया, जिसकी लागत 7,600 अनुमानित बताई जा रही है। आरोपी ने चोरी करना कबूल कर लिया व उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। राकेश ने अपने अन्य साथियों की जानकारी भी पुलिस को दी है। जिनकी तलाश में टीम जुटी हुई है। इस कार्यवाही में मुख्य रूप से करंजी चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी, एएसआई गुड्डू कुशवाहा, मनोज द्विवेदी प्रधान आरक्षक उमाशंकर कुशवाहा, राजकुमार सिंह, हरविंदर सिंह, सुनील भारती आरक्षक राजू तिवारी, चंद्रप्रकाश पाल, जितेंद्र सिंह, इमरान खान, दीपक सिंह सक्रिय रहे।



# बाबा साहेब द्वारा दिया गया संविधान देश के लोगों की सबसे बड़ी ताकत: भूपेश बघेल

## मुख्यमंत्री ने अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अर्पित की श्रद्धांजलि






छ.ग.फ्रंटलाइन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री बघेल ने कहा है कि देश के लोगों की सबसे बड़ी ताकत बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा दिया गया हमारा संविधान हैं। हमारा संविधान हमें अधिकार सम्पन्न बनाता है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को रायपुर में संविधान निर्माता, भारतरत्न बाबा साहेब अंबेडकर की 132वीं जयंती के अवसर पर आयोजित सार्वजनिक जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए इस आशय के विचार प्रकट किए। मुख्यमंत्री ने इसके पहले अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहेब अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक तरफ देश आजादी की लड़ाई लड़ रहा था, वहीं दूसरी तरफ बाबासाहेब अंबेडकर दबे कुचले समाज को अधिकार दिलाने के लिए संगठित कर संघर्ष कर रहे थे। बाबासाहेब ने समाज के पिछड़े वर्ग के लोगों को शिक्षित और संगठित होकर संघर्ष करने की प्रेरणा दी। बघेल ने कहा कि बाबा साहेब ने यह महसूस किया कि भारतीय समाज की सबसे बड़ी कमजोरी शिक्षा की है। उन्होंने भारतीय दर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि हम पूरे विश्व को अपना परिवार मानते हैं। वैचारिक दृष्टि से हम बहुत ऊंचे हैं, लेकिन हमारा व्यवहार वैसा नहीं है। हमारे समाज में मनुष्यों के साथ भेद-भाव किया जाता है, समानता का व्यवहार नहीं किया जाता। बाबा साहेब सहित देश के अनेक महापुरूषों ने भारतीय समाज की इस बुराई को महसूस किया और इसके विरूद्ध लड़ाई लड़ी। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने दलितों, शोषितों और पीड़ितों की आवाज बनकर उनके अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि बाबा साहेब जैसे महापुरूष सदियों में एक बार पैदा होते है, उन्होंने हमें 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' का मंत्र दिया। उनके यही विचार हमें संघर्ष करने और आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने भगवान बुद्ध के प्रज्ञा, करूणा और मैत्री के संदेश को आत्मसात किया। आज समाज को इसकी सबसे बड़ी आवश्यकता है। बाबा साहेब द्वारा दिया गया संविधान हमें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक समानता का अवसर देता है। संविधान के चलते हमें आरक्षण मिला। बाबा साहेब ने समाज में बदलाव लाने का प्रयास किया। उनके नेतृत्व में लाखों लोगों ने नागपुर में बौद्ध धर्म की दीक्षा ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने जाति प्रमाण पत्र का सरलीकरण किया है। छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है जहां यदि माता-पिता के पास जाति प्रमाण पत्र है, तो नवजात शिशु को उसका जाति प्रमाण पत्र दे दिया जाता है। यदि किसी के पास 50 साल का रिकार्ड नहीं है तो ग्राम सभा अथवा शहरी क्षेत्रों में सामान्य सभा से प्रस्ताव पारित होने पर जाति प्रमाण पत्र बनाने की व्यवस्था की गई है। समाज द्वारा नया रायपुर में जमीन की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को जमीन के मूल्य 10 प्रतिशत राशि तथा अन्य वर्गों को 15 प्रतिशत की राशि देने पर जमीन आबंटित की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि समाज शासकीय भूमि लेना चाहे तो जमीन चिन्हित कर लें, निर्धारित प्रक्रिया के तहत जमीन आबंटित की जाएगी। उन्होंने कहा कि नवा रायपुर में गुरू घासीदास संग्रहालय, शहीद वीर नारायण स्मारक और विश्व स्तरीय स्कूल बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में तथागत संदेश पत्रिका और भारत का संविधान शीर्षक से प्रकाशित पुस्तक का विमोचन किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों द्वारा जानकारी दी गई कि पिछले वर्ष मुख्यमंत्री बघेल द्वारा अंबेडकर जयंती के अवसर पर की गई घोषणा के अनुसार कार्यों को स्वीकृति प्राप्त हो गई है। इन कार्यों की स्वीकृति पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह समिति द्वारा मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया गया। मुख्यमंत्री ने पिछले वर्ष मंगल भवन के लिये 50 लाख रूपये और देवेन्द्रनगर स्थित बौद्ध विहार में ऑडिटोरियम निर्माण के लिए 50 लाख रुपए की राशि देने, अंबेडकर चौक में नगर निगम द्वारा बाबा साहेब की 20 फ़ीट ऊंची नई प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की थी। ये सभी कार्य स्वीकृत हो गए हैं। इस अवसर पर संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, रायपुर नगर पालिका निगम के महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेंद्र छाबड़ा, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष के.पी.खांडे, जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा, नगर निगम रायपुर के पार्षद सुंदर जोगी सहित अनेक पार्षद तथा श्रीमती शकुन डहरिया, रतनलाल डांगी, आयोजन समिति के अध्यक्ष दिलीप वासनिकर सहित समिति के अनेक पदाधिकारी और नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# जशपुर जिले में तेजी से किया जा रहा सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य



छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ रवि मित्तल के मार्गदर्शन और जिला पंचायत सीईओ जीतेन्द्र यादव के दिशानिर्देश में जिले के सभी विकास खंड में परिवारों का सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण किया जा रहा है। बीते एक अप्रैल से ग्रामीण क्षेत्रों में शुरू हुए सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण में का काम शुरू हुआ था। विकासखण्ड के सभी ग्राम पंचायतों में घर-घर जाकर प्रपत्र, एप्प के माध्यम से सर्वे का काम कर रहें हैं। यह कार्य आगामी 30 अप्रैल तक चलेगा। सर्वेक्षण में विभिन्न योजनाओं से वंचित हितग्राही भी नवीन सूची में शामिल हो पायेंगे। हितग्राहियों को पात्रता के अनुसार योजना का पूरा लाभ मिलेगा। सभी एसडीएम और जनपद सीईओ स्वयं अपने अपने विकास खंड के सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण कर रहे हैं। और कार्य के संबंध में जानकारी भी देते जा रहें हैं।

# कृषि महाविद्यालय कांकेर में मनाया गया डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 132वीं जयंती



छ.ग.फ्रंटलाइन

**कांकेर।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 132वीं जयंती का आयोजन रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय व अनुसंधान केन्द्र, सिंगार भाट कांकेर में किया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. एन. के. रस्तोगी के मार्गदर्शन में प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. प्रमोद कुमार नेताम व समस्त प्राध्यापक गण सहित विद्यार्थी उपस्थिति थे। कार्यक्रम में बाबा साहेब की जीवनी तथा राष्ट्र एवं संविधान निर्माण में अतुलनीय योगदान को याद करते हुए सभी प्राध्यापक व विद्यार्थियों की ओर से अपने विचार प्रस्तुत किये। चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थी गुरूचरण की ओर से बाबा साहेब के जीवनी के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत किया गया। अतिथि शिक्षिका अंशुमाला कुजुर की ओर से डॉ अम्बेडकर के विचार शिक्षा ही एक माध्यम है, जिसके द्वारा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। निशा ठाकुर ने संविधान में किये गये कार्य के बारे में बताया तथा विद्यार्थियों को बाबा साहेब से प्रेरणा लेने का सुझाव दिया। जागृती नागवंशी ने बाबा साहेब की ओर से महिला शिक्षा व महिला सशक्तिकरण में योगदान के बारे में बताया। सहायक प्राध्यापक अनिल कुमार नेताम ने बाबा साहेब की ओर से किये गये संघर्ष, उनकी शिक्षा,, राष्ट्र निर्माण, संविधान निर्माण एवं सामाजिक कार्य के बारे में बताया। सहायक प्राध्यापक गंगाधर ने बाबा साहेब के विचारों को विद्यार्थियों से अनुसरण करने के लिये कहा। डॉ. फुल सिंह मरकाम की ओर से बाबा साहेब की तरह विषम परिस्थिति का निडरता से सामना करने तथा ऊर्जावान रहने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. प्रमोद कुमार नेताम सह प्राध्यापक की ओर से बाबा साहेब को एक समाज सुधारक व आदर्श व्यक्तित्व के धनी के रूप में बताया मानव के सर्वांगीण विकास करने में शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है, जो मानव विकास में सार्थक होता है। विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान पर विशेष ध्यान देने की बात कही। व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी से भागने के स्थान पर अपने कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन करने की बात कही। कार्यक्रम में संचालन अतिथि शिक्षक डॉ. होमेन्द्र सिवाना द्वारा किया गया।

# जशपुर जिला पंचायत सीईओ ने मनोरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत टेंपू सहित 8 ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण कार्यों का निरीक्षण किया

## प्रगणक दलों को पूरी गंभीरता से त्रुटि रहित सर्वेक्षण करने एवं सर्वे कार्य में गति लाने के निर्देश दिए

**छ.ग.फ्रंटलाइन, जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 के विगत दिवस 1 अप्रैल से छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ हो गया है। जिला प्रशासन की टीम कार्य में लगा हुआ है कलेक्टर डॉ रवि मित्तल के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव ने मनोरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत टेंपू, चडिया, सोगड़ा, डूमर टोली, बूमटेल सहित 8 ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर चल रहे सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को गंभीरता से सर्वेक्षण कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने जहां सर्वे कार्य धीमे चल रहे हैं वहां कार्य में गति लाने के निर्देश दिए हैं।जिले के सभी विकासखंड के गांव-गांव जाकर सर्वेक्षण टीम सर्वे कार्य कर रही है। उन्होंने प्रगणक दलों को पूरी गंभीरता से त्रुटि रहित सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सर्वेक्षण दलों को मकानों का नंबरिंग, सर्वे की प्रक्रिया, मोबाइल एप, पोर्टल में ऑनलाइन एंट्री एवं मैनुअल एंट्री के बारे में आवश्यक निर्देश दिए।



# एक और फर्जी फार्मासिस्ट पकड़ाया, अब तक 18 गिरफ्तार



**रायपुर।** फर्जी फार्मेसी डिप्लोमा-डिग्री के मामले में एक और गिरफ्तारी हुई है। रायपुर की तेलीबांधा थाना पुलिस ने शुक्रवार को एक और आरोपी चंद्रिका प्रसाद पटेल को गिरफ्तार किया है। बता दें कि छ.ग. स्टेट फार्मेसी काउंसिल से मेडिकल स्टोर्स संचालित करने खाद्य-औषधि प्रशासन विभाग से ड्रग लायसेंस प्राप्त करने के लिए कुछ लोगों ने फर्जी फार्मेसी डिग्री-डिप्लोमा लगाकर आवेदन किया था। फार्मेसी काउंसिल की जांच के बाद इस फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ और 28 लोगों फार्मेसी डिग्री-डिप्लोमा फर्जी पाए गए। इस प्रकरण में 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। छ.ग. स्टेट फार्मेसी काउंसिल रायपुर ने थाना तेलीबांधा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि फार्मेसी डिप्लोमा अथवा डिग्री प्राप्त करने वाले कार्यालय छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउसिंल रायपुर आनंद नगर में पंजीयन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करते है, जिस पर उसका पंजीयन विधिवत् किया जाता है। इसके पश्चात् मेडिकल स्टोर्स संचालित करने हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग से ड्रग लायसेंस प्रदाय किया जाता है। सन् 2021 एवं 2022 में फार्मसी डिप्लोमा-डिग्री को पंजीयन हेतु कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किये गये थे आवेदन पत्रो से संलग्न फार्मेसी डिप्लोमा-डिग्री की जांच कराई गई। जांच के दौरान सनराईस युनिवर्सिटी बैगाड राजपुर राजस्थान से रमाकांत निषाद, शीतल कुमार महार, संजय कुशवाहा, सूरज कुमार अग्रवाल, ओ.पी.जे.एस युनिवर्सिटी चुरू राजस्थान से चन्द्रेश कुमार साहू, डामेश्वर कुमार साहू, श्रीधर युनिवर्सिटी पिलानी राजस्थान से रविन्द्र कुमार साहू, स्वामी विवेकानंद युनिवर्सिटी सागर म.प्र. से खेम लाल धीवर के फार्मेसी डिप्लोमा छत्तीसगढ स्टेट फार्मेसी काउंसिल रायपुर के समक्ष आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत प्रमाण पत्र फर्जी पाये गये। उत्तर प्रदेश फार्मेसी कांउसिल लखनउ से रविन्द्र कुमार द्वारा फर्जी काउंसिल मे पंजीयन की प्रमाण पत्र के साथ एनओसी प्रमाण पत्र हेतु प्रस्तुत करना पाया गया। इसके साथ ही राजस्थान फार्मेसी काउंसिल जयपुर, सत्य साई युनिवर्सिटी सिहोर मध्य प्रदेश, मोनाद युनिवर्सिटी हापुर उ.प्र., जे.एस.युनिवर्सिटी शिकोटाबाद फिरोजाबाद उ.प्र. के नाम से फर्जी प्रमाण पत्र जारी कराया गया है। इसी प्रकार अन्य आरोपियों द्वारा भी फर्जी प्रमाण पत्र को छत्तीसगढ स्टेट फार्मेसी काउंसिल रायपुर के समक्ष छल व बेईमानी पूर्वक अपने फायदे के लिए षडयंत्र पूर्वक आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत करना पाया गया।

# सर्व आदिवासी समाज ने मनाई अम्बेडकर जयंती : वक्ताओं ने 5 वीं अनुसूचित क्षेत्र अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों की रक्षा की उठाई माँग

**■ कार्यक्रम में हजारों की संख्या में प्रभावित गाँव के महिला पुरुष हुए सम्मिलित, भारत माला सड़क परियोजना के स्थान पर ह्॥ 43 को अपग्रेड कर 4-लेन बनाए जाने की भी माँग उठाई**






छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** सर्व आदिवासी समाज जिला जशपुर द्वारा आज भीम राव अम्बेडकर जयंती भागलपुर बीटीआई ग्राउंड मे मनाया गया. इस अवसर पर प्रभावित 61 गाँव के हजारों लोग शोभा यात्रा बीटीआई ग्राउंड से अम्बेडकर प्रतिमा तक जाकर वापस लौटकर सभा में तब्दील हो गईं, सर्व आदिवासी समाज द्वारा 5 वीं अनुसूचित क्षेत्र अन्तर्गत जशपुर जिला में जनजातियों की सुरक्षा एवं संविधान प्रदत्त अधिकारों की रक्षा तथा मौलिक अधिकारों के पालन हेतु महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा गया। सभा को सम्बोधित करते हुए सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष बीएस रावटे ने कहा कि छत्तीसगढ़ का सम्पूर्ण जशपुर जिला 5 वीं अनुसूची क्षेत्र के अन्तर्गत आता है। भारत के संविधान का अनुच्छेद 244 (1) अनुसूचित जनजाति क्षेत्र और जनजातियों के प्रशासन और नियंत्रण का प्रावधान तथा अधिकार देता है। इसी के परिपालन हेतु पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम 1996 बना, उसमें कहा गया कि किसी भी राज्य का विधान मंडल पेसा कानून की घास 4 के क से ण तक के प्रावधानों से असंगत कोई भी कानून नहीं बनायेगा, अर्थात् क से ण में जनजातियों के रूढ़ि विधि सामाजिक, धार्मिक प्रथाओं और समुदायों के संसाधनों की परम्परागत प्रबंध पध्दतियों के अनुरूप व्यवस्थाओं को मान्यता दी गई है। जिसके तहत 25 वर्षो पश्चात छत्तीसगढ़ में अपवादों और उपांतरण के अधीन पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) नियम, 2022 बना, जिसकी धारा 5 के अनुसार कहा गया कि पेसा कानून 1996 की धारा 4 %क% के अनुरूप पेसा नियम 2022 के प्रकाशन के 1 वर्ष के भीतर नियम के अनुसार सभी विभाग आवश्यकता अनुसार राज्य अधिनियम/ नियमों/ आदेशों/ निर्देशों/ परिपत्रों में संशोधन करेंगे तथा केन्द्र सरकार अधिनियम/ नियमों में संशोधन हेतु पहल किये जायेंगे, जिस पर आज पर्यन्त पहल नही किया गया है। जिसके कारण पेसा प्रावधानों के बावजूद जनजाति क्षेत्र तथा जनजाति (आदिवासी) सामुदायों के अन्याय, अत्याचार और शोषण का शिकार होना पड़ता है। सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश सचिव विनोद नागवंशी ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में पेसा नियम के संशोधन हेतु 42 आदिवासी सामुदाय के सक्षम प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए समिति गठित कर शीघ्रता से संशोधन ड्राफ्ट तैयार किया जाकर पैसा नियम लागू किया जाए। संशोधित पेसा नियम में ग्राम सभा को संविधान के अनुच्छेद 204 (1) में अनुसूचित जनजाति क्षेत्र और जनजातियों के प्रशासन और नियंत्रण का सम्पूर्ण अधिकार दिया जाए। संयुक्त सचिव महेश रावटे ने कहा कि वर्तमान प्रावधान के तहत अनुसूचित जनजाति के लिए 32 प्रतिशत आरक्षण शीघ्र लागू किया जाए। शासकीय नौकरी में बैकलांग एवं नई भर्तियों में आरक्षण रोस्टर लागू किया जाए। दुलदुला जनपद अध्यक्ष श्रीमती चंद्रप्रभा भगत ने कहा कि पांचवी अनुसूचित क्षेत्र में तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के कर्मचारी भर्ती में स्थानीय लोगों के लिए शत प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाए। पांचवी अनुसूचित क्षेत्र में असंवैधानिक रूप से बलात बनाये गये नगर पंचायतों, नगर पालिका निगम को रदद् कर वापस ग्राम सभा बनाया जाये। सेवती पन्ना ने कहा कि प्रदेश के 5 वीं अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा की सहमति के बिना किये गये भूमि अधिग्रहण रदद् किया जाये बिना ग्राम सभा की सहमति के किसी प्रकार का निर्माण कार्य न किया जाये तथा छ.ग. के समस्त अनुसूचित क्षेत्रों में सभी प्रकार के खनन पर रोक लगाई जाये।अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के प्रावधान के होते हुए भी जमीन कब्जा, आदिवासीयों से अत्याचार शोषण आदि मामलों में संबंधित थाने में स्न्र.ढ्ढ.क्र दर्ज नहीं किया जाता है तथा जिला न्यायालय भी कार्यवाही करने से इंकार करता है। अत: इस पर तत्काल कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा की भारतमाला सड़क परियोजना (रायपुर से धनबाद) पत्थलगांव से साई-टांगरटोली (झारखण्ड बार्डर) 104 कि.मी. सड़क निर्माण कई स्थान पर ह्॥ 43 को विभक्त करती है, इस कारण यह औचित्य हीन है इसलिए ह्॥ 43 को ही 4-लेन बनाए जाने की माँग की। क्लेमेंट लकड़ा ने कहा कि आदिवासी युवतियों से शादी कर प्रॉपर्टी खरीदने के मामलों में संभागायुक्त के निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाना सुनिश्चित किया जाये। आदिवासी समाज के पदाधिकारी कमल साय पैंकरा ने कहा कि भारतमाला सड़क परियोजना (रायपुर से धनबाद) पत्थलगांव से साई-टांगरटोली (झारखण्ड बार्डर) 104 कि.मी. सड़क निर्माण के लिए जशपुर जिला में मौजूदा निर्माणाधीन ह्॥-43 को ही अपग्रेड कर 4-लेन बनाया जाए, अलग से आदिवासीयों के कृषि भूमि का अर्जन न किया जाए। मनिहर लकड़ा ने कहा कि घरजियाबथान बांध निर्माण, सरडीह (आस्ता) बांध निर्माण, ह्॥-43 के चौड़ीकरण सहित अन्य सभी परियोजनाओं में लंबित मुआवजा राशि का भुगतान शीघ्र किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

# अग्नि सुरक्षा सेवा सप्ताह मनाया गया, नगर सेना के जवानों ने रैली निकालकर लोगों को अग्नि सुरक्षा के संबंध में दी जानकारी




छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** नगर सेना एवम नागरिक सुरक्षा मुख्यालय के निर्देशानुसार तथा जशपुर कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में आज दिनांक 14/04/2023 को अग्नि सुरक्षा सेवा सप्ताह के अवसर पर शहीद अग्निवीरों को श्रद्धांजलि देकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिले में तैनात फायर फाइटर्स को उनके दायित्वों को ब्रीफ करने के पश्चात रैली का शुभारंभ किया गया। रैली नगर सेना परिसर से निकलकर जशपुर मुख्य मार्ग से होते हुए महाराजा चौक पर समाप्त हुई। शहर वासियों एवम आमजनों में अग्नि सुरक्षा संबंधी जागरूकता लाने के लिए बैनर पोस्टर के माध्यम से प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जिला सेनानी एवम जिला अग्निशमन अधिकारी योग्यता साहू, सहायक उप निरीक्षक(अ) शिवशंकर सोनपाकर, देवेन्द्र कुमार पाठक, ममतीजमा प्रधान, अग्निशमन सेवा में तैनात जवान, डी. डी.आर. एफ. में तैनात जवान तथा बड़ी संख्या में नगर सेना के जवान उपस्थित थे।

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला

क्रमांक: 202303020700268/202303020700268

विषय:-ब-121मामले की श्रेणी:- राजस्व

सन्:- 2022-23

सपना प.ह.नं. 00028 {(हे0)}

पक्षकारो का विवरण-

आवेदक पक्षकार - सहोदरी,

आवेदक पक्षकार - छ.ग.शासन,

ईश्तहार

आवेदक सहोदरी पति सुखराम निवासी ग्राम सपना, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा ग्राम सपना 35/4 रकबा 0. 108 हें0 भूमि के द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 10.05.2023 से पूर्व न्यायाल में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 28.03.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार,
सरगुजा, (अम्बिकापुर)

न्यायालय तहसीलदार बतौली
जिला सरगुजा (छ0ग0)

रा0प्र0क्र0/202303020100038/अ-21/2022-23

ग्राम-कुनकुरीकला तहसील-बतौली

ईश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता कुनकुरीकला प0ह0नं0 09 रा0नि0मं0/तहसील बतौली जिला सरगुजा (छ0ग0) को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका श्रीमती कुसूम देवी पति स्व0 विनोद कुमार अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी कुनकुरीकला तहसील बतौली द्वारा श्रीमान कलेक्टर महोदय जिला सरगुजा अंबिकापुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदिका के स्वत्व व अधिपत्य की भूमि ग्राम कुनकुरीकला प0ह0नं0 09 रा0नि0मं0/तहसील बतौली में खसरा नं. 345/28 रकबा 0.017 हे0 स्थित है जो व्यपर्तित भूमि है। आवेदिका के पति की मृत्यु हो चुकी है तथा आवेदिका के पास आय का कोई स्रोत नहीं है। आवेदिका को बैंक का लोन अदा करने के लिए रकम की आवश्यकता है। आवेदिका द्वारा क्रेता से 1100000/- में विक्रय का सौदा हुआ है जिसमें से राशि 900000/- नौ लाख रूपये अनावेदक से प्राप्त कर लिया गया है। आवेदिका द्वारा वादभूमि ख0नं0 345/28 रकबा 0.017 हे0 व्यपर्तित भूमि का विक्रय किये जाने की अनुमति चाही गई है। आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन मूलतः जाच कर प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने किसी वैध प्रतिनिधि के माध्यम से अपना आपत्ति दिनांक 18.04.2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। बाद में प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 28.03.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यलय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
बतौली
जिला सरगुजा (छ0ग0)

## चिंतन

# कांग्रेस की विपक्षी एकता की राह आसान नहीं

भारत की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति ऐसी है, जिसमें भाजपा के खिलाफ विपक्षी एकता की संभावना दिवास्वप्न जैसा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अगले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ व्यापक विपक्षी एकजुटता सुनिश्चित करने के मकसद से बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ मंत्रणा जरूर की है, जिसमें यह तय किया गया है कि अधिक से अधिक विपक्षी दलों को एक मंच पर लाने के साथ साथ देश के लिए 'विपक्ष का दृष्टिकोण' सामने रखा जाएगा। विपक्षी एकता का आइडिया सुनने में आकर्षक लगता है, लेकिन व्यवहार में विपक्ष की राजनीतिक जमीन बहुत खुरदरी है। पहली बात तो नीतीश कुमार की सोच के मुताबिक बिहार जैसी राजनीतिक स्थिति दूसरे राज्यों की नहीं है। दूसरी अहम बात कि कांग्रेस उस स्थिति में नहीं है कि वह दूसरे दलों के लिए भरोसा जगा सके। तीसरी गौर करने वाली बात है कि बहुत से विपक्षी दल ऐसे हैं, जिनके लिए भाजपा अछूत नहीं है, बल्कि इन दलों के लिए कांग्रेस की छतरी में आना अधिक असहज स्थिति है। ऐसे में कांग्रेस व नीतीश कुमार का विपक्षी एकता का सपना व्यवहारिक नहीं लगता है। देश के अनेक क्षेत्रीय दल कांग्रेस की जमीन पर उर्वर हुए हैं, ऐसे में उन दलों का कांग्रेस के साथ मुश्किल है। देश में राजनीतिक सेंटिमेंट भी कांगेस के प्रति सकारात्मक नहीं है। कांग्रेस की राजनीतिक शैली ऐसी रही है, जिसमें आज के भारत की आकांक्षाएं पूरी होने की गुंजाइश नहीं है। इसके साथ ही कांग्रेस राष्ट्रीय नेतृत्व विकसित करने में विफल रही है। सोनिया गांधी व डा. मनमोहन सिंह की जोड़ी के बाद अभी कांग्रेस को आगे ले जाने के लिए करिश्माई राष्ट्रीय नेता नहीं है। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस करीब 32 से अधिक चुनाव हार चुकी है, इसके साथ ही राहुल में वैचारिक स्तर पर कोई स्पष्टता नहीं है, वे अपने बयानों से कई बार कांग्रेस के लिए असहज स्थिति पैदा कर चुके हैं, वे अपनी पार्टी के नेताओं को जोड़कर नहीं रख पा रहे हैं। राहुल गांधी की मोदी विरोध केंद्रित राजनीति से विपक्ष के अनेक दल कनेक्ट नहीं होते हैं। ऐसे में कांग्रेस के लिए मजबूत यूपीए बनाना नामुमकिन जैसा है। अभी ममता बनर्जी की टीएमसी, नवीन पटनायक की बीजेडी, जगनमोहन रेड्डी की वीईएसआरसी, चंद्रशेखर राव की बीआरएस, अरविंद केजरीवाल की आप, चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी, मायावती की बसपा, महबूबा मुफ्ती की पीडीपी, एचडी देवेगौड़ा की जदएस जैसी अनेक क्षेत्रीय पार्टियां है जो कांग्रेस के साथ नहीं आना चाहती हैं, लेकिन इन दलों को भाजपा से कोई गुरेज नहीं है। ऐसे में कांग्रेस के साथ नीतीश कुमार का भाजपा विरोधी मोर्चा बनाने का आइडिया कागजी अधिक लगता है। निश्चित रूप से देश में एक मजबूत विपक्ष होना चाहिए, यह लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी भी है, लेकिन बिना एजेंडे, बिना विचारधारा के राजनीतिक विकल्प खड़ा ही नहीं किया जा सकता है। केवल सत्ता के लिए दलों के साथ आने के विचार से एक मजबूत गठबंधन नहीं बन सकता है। आज राजनीति में कांग्रेस, सपा, बसपा, राजद, जदयू, बीजद, वाईएसआरसी, जदएस, एनसी, पीडीपी, टीएमसी, आप आदि राजनीतिक पार्टियां या तो व्यक्तिवादी है या परिवारवादी है। ऐसे में मिशन 2024 के लिए विपक्षी एकता राजनीतिक भरोसा जीत पाएगी, मुश्किल है।



दो टूक

प्रो. नीलम महाजन सिंह

पंजाब में अमृतपाल सिंह का उदय 1980 के दौर की वापसी नहीं है, जैसा बढ़ा-चढ़ा कर बताया जा रहा है। लेकिन पंजाब के पुलिस तंत्र व भारत सरकार के खुफिया तंत्र से यह सवाल जरूर है कि आखिर पंजाब में अमृतपाल सिंह के नेतृत्व में 'वारिस दे पंजाब' जैसे अतिवादी संगठन अचानक इतना लाइमलाइट में कैसे आ गया? इसके पीछे अगर विदेशी ताकत है, तो इसे विफल व बेनकाब क्यों नहीं किया गया? अमृतपाल सिंह को आगे कर कौन अपना हित साध रहा है, इस 'कौन' को अब तक सामने क्यों नहीं लाया जा सका है? उसको फंड कहां से मिल रहा है, कैसे मिल रहा है, हमारी आर्थिक अपराध शाखा जैसी एजेंसियां क्या कर रही हैं?

# पंजाब में अमन पर न लगे 'अमृत ग्रहण'

पंजाब में अमृतपाल सिंह का उदय 1980 के दौर की वापसी नहीं है, जैसा बढ़ा-चढ़ा कर बताया जा रहा है। आज का पंजाब आतंक के बुरे दौर से मुक्त है, वहां एक चुनी हुई सरकार है और राज्य शासन व्यवस्था सुचारू रूप से अपना काम कर रही है, लेकिन पंजाब के पुलिस तंत्र व भारत सरकार के खुफिया तंत्र से यह सवाल जरूर है कि आखिर पंजाब में अमृतपाल सिंह के नेतृत्व में 'वारिस दे पंजाब' जैसे अतिवादी संगठन अचानक इतना लाइमलाइट में कैसे आ गया? इसके पीछे अगर विदेशी ताकत है, तो इसे विफल व बेनकाब क्यों नहीं किया गया? अमृतपाल सिंह को आगे कर कौन अपना हित साध रहा है, इस 'कौन' को अब तक सामने क्यों नहीं लाया जा सका है? उसको फंड कहां से मिल रहा है, कैसे मिल रहा है, हमारी आर्थिक अपराध शाखा जैसी एजेंसियां क्या कर रही हैं? और सबसे बड़ा सवाल कि पंजाब पुलिस, हरियाणा पुलिस और दिल्ली पुलिस की गिरफ्त से वह अब तक बाहर कैसे है? हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने एक अवलोकन किया कि, कैसे 80000 पुलिसकर्मियों वाली पंजाब राज्य पुलिस एक व्यक्ति, अमृत पाल सिंह को गिरफ्तार नहीं कर सकती? 'वारिस पंजाब दे' के अमृतपाल सिंह' थाने पर दिनदहाड़े हिंसा करने का साहस कहां से ला रहा है?

ज़मीनी राजनीति जो भी हो, पर पंजाब में आतंक को केंद्रबिंदु बना कर सियासत नहीं होनी चाहिए। पंजाब में एक लोकतांत्रिक सरकार है, जिसके मुखिया आम आदमी पार्टी नेता सीएम भगवंत सिंह मान हैं। सुरक्षा के लिहाज से पंजाब एक अति संवेदनशील राज्य है, क्योंकि इसकी सीमाएँ पाकिस्तान से जुड़ी हुई हैं। यह अफगानिस्तान से 'ड्रग्स रूट' के कारण अत्यधिक असुरक्षित है। यह बिल्कुल स्पष्ट कर दिया जाए कि पंजाब की वर्तमान स्थिति की तुलना किसी भी तरह से 1980 के दशक के गहन उग्रवाद से नहीं की जा सकती है। वास्तव में वह रक्तरंजित, निर्दोष लोगों की हत्या थी, जिन्हें बड़ी संख्या में उन्हें बेरहमी से मार डाला गया था। तथाकथित उग्रवादियों को एक राजनीतिक दल का संरक्षण भी प्राप्त था! एक गलत राजनीतिक सलाह; ऐतिहासिक भूल को जन्म दे सकती है। जैसे अमृतसर के 'स्वर्ण मंदिर पर सेना का आक्रमण'! अकाल तख्त को गोलियों से छलनी कर देने वाली इस घटना को, सिक्ख समुदाय आज तक नहीं भुला पाया है। बावजूद इसके उन्होंने स्थिति से समझौता कर लिया है।

सशस्त्र पुरुष और धर्म कोई नई बात नहीं है। धर्म व हथियार; ऐतिहासिक रूप से जुड़े हुए हैं; चाहे वह हिंदू धर्म हो, ईसाई, इस्लाम या सिख धर्म। एक सभ्य समाज में; विभिन्न धर्मों का 'सिंक्रनाइज़ेशन'; सामनजस्य महत्वपूर्ण है। दुर्भाग्य से हर धर्म, दूसरे धर्मों पर अपनी श्रेष्ठता दिखाने का प्रयास करते हैं, हालांकि सभी धर्म 'ईश्वर की महिमा के लिए एक ही मार्ग की ओर ले जाते हैं'। हमने विश्व स्तर पर देखा है कि प्रतिष्ठित राजनीतिक दल; धार्मिक सशस्त्र आंदोलनों को संरक्षण देते हैं। बेशक, 'दी होली गोल्डेन टेंपल' में देश-विरोधी, खालिस्तान समर्थक गतिविधियां हो रहीं थीं, लेकिन



जनरल एस. सुंदरजी और राजीव गांधी के मित्र, अरुण सिंह, जिन्होंने स्वर्ण मंदिर का हवाई सर्वेक्षण भी किया था; 'दरबार साहेब - गर्भगृह अकाल तख्त' में सेना के आक्रमण की सलाह से, भारत का राजनीतिक इतिहास बदल दिया! दुनिया भर में सिखाई भावनाओं को गहरा आघात पहुँचा था। इसके कारण तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की, उनके ही बंदूकधारियों, सतवंत सिंह और बेअंत सिंह द्वारा निर्मम हत्या कर दी गई।

प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और सोनिया गांधी, यूपीए; अध्यक्ष ने; दरबार साहब पर सैन्य हमले और 1984 के दंगों में सिखों की हत्या के लिए माफी मांगी है। निश्चित रूप से इंदिरा गांधी के सलाहकार, अन्य रणनीति बना सकते थे; जिससे स्वर्ण मंदिर से उग्रवादियों को भगाने का कोई और तरीका अपनाया जा सकता था? राजनैतिक नेतृत्व के साथ मतभेदों के कारण विभिन्न धर्मों के युवाओं का कट्टरपंथीकरण हो रहा है। आज पंजाब में अमृतपाल सिंह की तलाश हो रही है। क्या अमृतपाल को 'ओवरप्ले किया' गया है? राज्य अब इस नैरेटिव पर हावी हो रहा है। राज्य राजनैतिक व संभावित ध्रुवीकरण से कैसे निपटता है, यह देखा जाना बाकी है।

दूरदर्शिता के साथ, यह कहना उचित है कि अमृतपाल सिंह को अगस्त 2022 में भारत लौटने के बाद जल्द गिरफ्तार किया जाना चाहिए था। उसके बाद उसके अपराध लगभग तुरंत शुरू हो गए, यहाँ तक कि उसका समर्थन आधार बढ़ने लगा। इससे भी बदतर, दोनों राजनीतिक और प्रशासनिक बयानों में और मीडिया के अनुमानों में, एक 'जीवन से भी बड़ी छवि' बनाई जा रही थी, जो उसके वास्तविक महत्व के अनुपात से बहुत दूर थी। राज्य व उसकी एजेंसियों को निश्चित रूप से उनकी विफलताओं के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।

सनसनीखेज मीडिया ने गैर-जिम्मेदार मिथक-निर्माण, गैर आलोचनात्मक कार्य किया। 'भिंडरावाले 02', 1980 के दशक में कथित वापसी, उनकी स्पष्ट रूप से ध्यानाकर्षित करने वाली हरकतों का लगातार कवरेज, चापलूस साक्षात्कारों की श्रृंखला व अन्य अतिश्योक्ति व रिपोर्टिंग में विकृतियों ने, अमृतपाल सिंह के कार्यों को बढ़ाकर पेश किया, उसे मंच प्रदान किये, जो सर्वथा गलत था। भिंडरावाले ने 20 सितंबर, 1981 को चौक मेहता, अमृतसर में एक भीड़ को संबोधित करते हुए कहा था कि सरकार उन्हें कभी भी मार सकती है। जैसे ही पंजाब पुलिस ने पिछले हफ्ते, अमृतपाल सिंह पर अपनी कार्रवाई शुरू की, कई लोगों ने राज्य में वर्तमान स्थिति और 1980 के दशक की शुरुआत के बीच समानताएं आरंभ कर दीं, लेकिन यह सच्चाई से कहीं दूर है। अमृतपाल सिंह ना ही संत है, ना ही पंजाब के युवाओं का शुभचिंतक। वो मात्र आतंकी है, जो भारत की संप्रभुता को खण्डित करने का प्रयास कर, दीप संधू की हत्या के बाद, अन्तर्राष्ट्रीय षड्यन्त्र का हिस्सा है। के.पी.एस. गिल, आईपीएस, ने कठिन निर्णय लेकर पंजाब में आतंकवाद को नियंत्रित किया था, हालाँकि उन पर मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप भी लगे। आज फिर से सख्त कदम की जरूरत है। अब केन्द्र व पंजाब सरकार को एकजुटता से इसको नियंत्रित करना चाहिए, अमृतपाल सिंह को कानून के कटघरे तक पहुंचाया जाना चाहिए, साथ ही इसके पीछे की साजिशकर्ताओं का भी भंडाफोड़ किया जाना चाहिए। यह बात भी सामने आ चुकी है कि आईएसआई पंजाब में अशांति फैलाने में जुटी हुई है, ऐसे में भारत को पाकिस्तान की हर नापाक साजिश को नाकाम करना होगा। समृद्ध राज्य पंजाब में अशांति का एक तिनका भी फलना नहीं चाहिए।

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार, राजनैतिक समीक्षक, दूरदर्शन व्यक्तित्व, मानवाधिकार संरक्षण सॉलिसिटर हैं, ये उनके अपने विचार हैं)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## प्रधानमंत्री मुद्रा योजना

सौम्य कांति घोष



# आजीविका के लिए ऋण समर्थन

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) ने 8 अप्रैल को आठ वर्ष पूरे किए हैं, ऐसे में हम इस ऋण समर्थन कार्यक्रम द्वारा बड़े पैमाने पर किए गए परिवर्तनों पर नज़र डाल सकते हैं, जिसकी परिकल्पना 2014-15 के निराशा से भरे दिनों में की गई थी, जब हमारा औपचारिक वित्तीय क्षेत्र, विशेष रूप से देश के सामाजिक-सांस्कृतिक ताने-बाने पर इसके प्रभाव को लेकर, खराब ऋणों के दौर से गुजर रहा था। पीएमएमवाई केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं में से एक है, जो स्व-रोजगार को प्रोत्साहित करती है। यह योजना उन सूक्ष्म और स्वयं के प्रयासों से परिचालित उद्यमों को लक्षित करती है, जो भारत में एक जीवंत व्यापार इकोसिस्टम का निर्माण करते हैं। सूक्ष्म उद्यम ज्यादातर विनिर्माण, प्रसंस्करण, व्यापार और सेवाओं से जुड़े हैं और इनमें से कई इकाइयां एकल-स्वामित्व वाले व्यवसाय की श्रेणी में हैं। देश की औपचारिक या संस्थागत संरचना, इन इकाइयों तक पहुंचने और उनकी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने में असमर्थ थी। ये इकाइयां बड़े पैमाने पर स्व-वित्तपोषित थीं या साहूकारों पर निर्भर थीं। इस अंतर को ध्यान में रखते हुए, बैंक सुविधा से वंचित बड़े क्षेत्र और औपचारिक ऋणदाताओं के बीच आसान माध्यम बनाने के उद्देश्य से पीएमएमवाई की शुरुआत की गई थी। 2015 में शुरू की गई पीएमएमवाई 10 लाख रुपये तक का गिरवी-मुक्त संस्थागत ऋण प्रदान करती है। यह ऋण सुविधा सदस्य ऋणदाता संस्थानों (एमएलआई) द्वारा दी जाती है: जिनमें अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी), क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी), गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) और सूक्ष्म वित्त संस्थान (एमएफआई) शामिल हैं। पीएमएमवाई के तत्वावधान में, सूक्ष्म इकाई विकास एवं पुनर्वित्तपोषण संस्थान (मुद्रा) ने तीन उप-योजनाएं तैयार कीं, जिनमें केवल ऋण धनराशि की रकम की दृष्टि से भिन्नता है: शिशु (50,000 रुपये तक के ऋण के लिए), किशोर (50,001 रुपये से 5 लाख रुपये तक के लिए) और तरुण (500,001 रुपये से 10 लाख रुपये तक के लिए)।




शिशु, किशोर और तरुण के रूप में उप-योजनाओं के ये नाम भी लाभार्थी सूक्ष्म इकाई के विकास और इसकी धन संबंधी जरूरतों के चरण को दर्शाते हैं। कोई भी व्यक्ति, जो ऋण लेने का पात्र है और उसके पास एक छोटे व्यवसाय उद्यम के लिए व्यवसाय योजना है, योजना के तहत ऋण प्राप्त कर सकता है। प्रारंभ में, पीएमएमवाई केवल विनिर्माण, व्यापार और सेवाओं के क्षेत्रों में आय सृजित करने वाली गतिविधियों को कवर करती थी। हालांकि, 2016-17 से, कृषि से जुड़ी गतिविधियों और आजीविका को बढ़ावा देने वाली सहायक सेवाओं को भी इसके दायरे में लाया गया है; 2017-18 से, ट्रैक्टर और पावर टिलर की खरीद के लिए ऋण मंजूर किए गए हैं और 2018-19 से वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए दुपहिया वाहन खरीदने के लिए ऋण को भी शामिल किया गया है। इस योजना ने कुल ऋण-वितरण में पहले तीन वर्षों में औसतन 33% की वृद्धि दर्ज की। इससे पता चलता है कि इसके प्रस्ताव का लोगों ने स्वागत किया है। कोविड महामारी के प्रकोप और उसके बाद आर्थिक गतिविधियों में मंदी ने इन ऋणों की मांग को प्रभावित किया। इस चरण के दौरान, भारतीय रिजर्व बैंक के एक विशेष राहत की घोषणा की, जिसके तहत सभी ऋण देने वाली संस्थाओं को योजना के अंतर्गत सभी किस्तों के भुगतान पर छह महीने की छूट देने का प्रावधान था।


अर्थव्यवस्था के फिर से खुलने के बाद पीएमएमवाई के तहत ऋण की मांग में तेजी आई है। अधिकांश श्रेणियों में, ऋण-वितरण कोविड-पूर्व के स्तरों को पार कर गए हैं। 24 मार्च 2023 तक, योजना का संचयी ऋण-वितरण धनराशि 22.65 ट्रिलियन रुपये है। शिशु ऋण की हिस्सेदारी सबसे अधिक 40% है, जिससे पता चलता है कि पीएमएमवाई ने बड़े पैमाने पर पहली बार के उद्यमियों को समर्थन प्रदान किया है। पीएमएमवाई का आर्थिक प्रभाव अब अच्छी तरह से स्थापित हो चुका है। श्रम और रोजगार मंत्रालय के सर्वेक्षण के परिणामों के अनुसार, इस योजना ने 2015 से 2018 की अवधि के दौरान 11.2 मिलियन शुद्ध अतिरिक्त नौकरियां पैदा करने में मदद की थी। पीएमएमवाई ने, बहुत कम समय में, न केवल गरीबी की संस्कृति को समाप्त करने के प्रयास किये हैं, बल्कि भारतीय सूक्ष्म-ऋण इकोसिस्टम में जीवंतता और 'कर-सकते-हैं' की भावना का संचार किया है। पीएमएमवाई स्पष्ट रूप से 'सामान्य समस्याओं' का एक असामान्य समाधान रहा है।

(लेखक स्टेट बैंक समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## क्या है आत्मा की अस्वस्थता के कारण?



हम लोगों के लिए पांच तरह का स्वास्थ्य जरूरी है। ये हैं शरीर, परिवार, समाज, मन और आत्मा का स्वास्थ्य। इनके अस्वस्थ रहने के कारण हैं- मोह, संशय, संदेह, शंका और भ्रम। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है कि उसे बहुत भोग न दिए जाएं। शरीर का महत्व समझ लेना चाहिए। ये बड़ा वरदान है ईश्वर का। बहुत बड़ा उपहार है।



वह स्थूल रूप में स्वस्थ रहे, यह आवश्यक है। तथागत बुद्ध कहते है अष्टांग योग से शरीर स्वस्थ्य रहेगा। तन तंदुरुस्त रखने के लिए सम्यक आहार जरूरी है। बुद्ध कहते है सम्यक व्यायाम भी जरूरी है। तीसरा बुद्ध का नहीं, महर्षि रमण का सूत्र है, और वह है कम बोलना। आदमी जितना बोलता है, उतना शरीर दुर्बल होता है। जितना जरूरी है, उतना ही बोलना चाहिए। यानी, सम्यक बोला जाए, वरना शरीर अस्वस्थ होगा। असीम विहार, असीम व्यवहार, असीम आहार.. इससे शरीर बिगड़ता है। इनके अलावा जिन पांच से शरीर बिगड़ता है, वे हैं- दूसरों पर शंका, संदेह, संशय, मोह और भ्रम। ये सबके समापन की व्यवस्था मानस ने दी है- सदगुर मिलें जाहिं जिमि संसय भ्रम समुदाइ। आप कथा सुनते हैं, सत्संग करते हैं, मैं गाता हूं, ये सब अच्छा लगता है। हम सुख पा रहे हैं। यह सबका अनुभव है, लेकिन हम केवल इसी में गिरफ्तार न हो जाएं। हमारा परिवार के प्रति भी उत्तरदायित्व है। हम सुख पा रहे हैं तो उन्हें भी सुख दीजिए। परिवार में यदि कोई महारोग का भोग बन जाए तो हमारे शरीर पर भी असर होता है।


संकलित

**दर्शन**

## विवाहित जीवन के लिए जरूरी है भरोसा



शिव महापुराण में चंचुला और बिंदुक की कहानी है। इन दोनों की शादी हो गई थी। शादी के बाद से बिंदुक चंचुला को छोड़कर दूसरी महिलाओं के साथ रहता था। बिंदुक का आचरण बहुत गिर गया था। बहुत समय तक चंचुला ने पति की गलतियों को नजरअंदाज किया और धैर्य रखा। पति को सुधारने की कोशिशें कीं, लेकिन बिंदुक का आचरण नहीं सुधरा।



पति की उपेक्षा के चलते चंचुला का मन भी दूसरे पुरुषों की ओर भटकने लगा। अब वह भी अपने आचरण से गिर गई थी। पति-पत्नी दोनों ने एक-दूसरे का भरोसा तोड़ दिया था। कुछ दिनों के बाद बीमारी की वजह से बिंदुक मर गया। अब चंचुला अकेली रह गई। एक दिन उसे प्रायश्चित हुआ कि मैंने पति की तरह ही गलत काम किए हैं। इस पछतावे के बाद चंचुला ने शिवपुराण की कथा सुनी। कथा से उसे ज्ञान मिला कि शिव कथा सुनने से मन शांत रहता है। जब चंचुला की मृत्यु हुई तो उसकी आत्मा शिव लोक पहुंची। शिव लोक में देवी पार्वती ने चंचुला का साथ दिया और शिव जी से कहा कि इस स्त्री का दोष है, इसने भी अपने पति की तरह गलत काम किए हैं, लेकिन इसने ये सब पति की उपेक्षा की वजह से किए हैं। इसलिए इसे मोक्ष मिलना चाहिए। इसके बाद शिव जी और देवी पार्वती ने बिंदुक-चंचुला की आत्माओं से कहा कि वैवाहिक जीवन में पति-पत्नी को एक-दूसरे के लिए विश्वास और ईमानदारी रखनी चाहिए। शिव-पार्वती की बातें सुनकर दोनों को अपनी गलतियों का पछतावा हुआ और उन्होंने भगवान से क्षमा याचना की।

संकलित

**प्रेरणा**

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### अपव्यय पर लगाम जरूरी

हमारे देश में सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक उत्सवों की हमेशा भरमार लगी रहती है। इसी प्रकार देश में शादी-विवाह और दूसरे उत्सव प्रतिदिन चलते रहते हैं। इसी बीच कई लोग महंगाई और गरीबी के भी खूब रोने रोते हैं। वास्तव में संपन्न लोग अपने बेटे-बेटियों की शादियों और जन्म उत्सवों पर इतना रुपया पानी की तरह बहा देते हैं कि देखादेखी गरीब भी इस स्पर्धा और होड़ में आ जाते हैं। कई बार घर-जायदाद को या तो गिरवी रख देते हैं या सब कुछ बेचकर घर फूंक कर तमाशा देखते हैं। शीघ्र ही कई परिवार दाने-दाने के लिए मोहताज हो जाते हैं। उत्सव के बाद अतिथि तो चले जाते हैं और बेचारा निर्धन शीघ्र समाज के आगे अपनी पोल-पट्टी खोल बैठता है। इस तरह के अपव्यय पर लगाम लगनी चाहिए।

*- जगदीश वर्मा, रायगढ़*

### ट्रेंड

#### सर्वांगीण परिवर्तन पर फोकस



कई वर्षों तक रेल विभाग राजनीतिक मजबूरियों के आधार पर चलता रहा। 2014 के बाद से, यह दृष्टिकोण बदल गया है और क्षेत्र के सर्वांगीण परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

#### नदियों को निर्बाध बहने दें



नदियां मात्र जल प्रवाह ही नहीं, विविध सभ्यताओं का मूल स्रोत हैं। अतः नदी व विविध जल स्रोत स्वच्छ निर्मल रहें। जलवायु व पारिस्थितिक संतुलन में नदियों की विशिष्ट भूमिका के संदर्भ में हम सभी शीघ्र सचेत हों। नदियों को निर्बाध बहने दें।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

# आज का राशिफल

मेष : गणेशजी कहते हैं कि आप आज अपने पार्टनर के लिए अपना प्यार काफी खचीर्ले तरीके से सार्वजनिक रूप से दिखा सकते हैं। आप अपने पार्टनर की उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए एक सरप्राइज पार्टी भी रख सकते हैं। इन योजनाओं में छोटी मोटी बाधाएं आ सकती हैं लेकिन आपके पार्टनर को उनकी खुशी में आपके शामिल होने और आपके गहरे प्यार को लेकर कोई संदेह नहीं रह जाएगा।

वृषभ : गणेशजी कहते हैं कि आप जैसा रोमांटिक पार्टनर चाहते थे, आपकी उस इच्छा में अब कुछ बदलाव आ गया है, ऐसा आपको लगेगा। आप अभी बनावटी सा रोमांस कर रहे हैं लेकिन अब आप इसके बारे में गंभीरता से सोचना शुरू कर देंगे और रोमांस में अपने हमसफर को तलाश करने की कोशिश करेंगे। इससे आपको कुछ समस्याएं हो सकती हैं क्योंकि अच्छे हमसफर इतनी आसानी से नही मिलते लेकिन आप इन सब चुनौतियों के लिए भावनात्मक रूप से तैयार हैं।

मिथुन : गणेशजी कहते हैं कि आप जिस तरीके से रोमांटिक महसूस कर रहे हैं उससे खुद आपको भी अचरज होगा। आज तो संभावना यह है कि आप ऐसे बोल्ड तरीके से व्यवहार करेंगे जैसे आप सामान्य तौर पर कभी नही करते। इससे सभी को अचरज होगा। आपके पार्टनर भी चौंक तो जाएंगे लेकिन खुश होंगे। लम्बी रोमांटिक सैर पर जाकर एक साथ समय बिताकर इस मौके का पूरा फायदा उठायें।

कर्क : गणेशजी कहते हैं कि आज का दिन आपके सबंध के मामले में काफी महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। आप अचानक अपने किसी करीबी को नए नजरिये से देखना शुरू कर सकते हैं और इससे आपको अपने सबंध की दिशा से जुदा सही फैसला करने में काफी मदद मिलेगी। अब आप बेजान हो चुके संबंधों से बाहर निकलकर उन संबंधों को समय देने के लिए खुद को तैयार पायेंगे जिन्होंने आपको मजबूत बनाया है।

सिंह : गणेशजी कहते हैं कि आज का दिन तीव्र भावनाओं के नाम रहेगा। रोमांस के नाम पर आपकी मांगें तो बढ़ी हैं लेकिन आपने अपने पार्टनर की भावनाओं की शक्ति और उनकी सहायता को काफी कम करके आंका है। अगर आप अपने रिश्ते के हिसाब से अपनी मांगों को देखेंगे तो पायेंगे की वे आपके पार्टनर की तुलना में कहीं ज्यादा हैं। आज के समय का उपयोग अपने सबंध में थोड़े भावनात्मक होने के लिए करें।

कन्या : गणेशजी कहते हैं कि आपके अपने प्रिय के साथ आज घूमने का प्लान चौपट हो सकता है। इस प्लान को रद्द करने के पीछे का कारण जाने के लिए अपने पार्टनर को बहुत अधिक परेशान न करें। आराम से घर पर बैठ कर अपना मनपसंद टीवी शो देखने से या कोई अच्छी सी किताब पढ़ने से भी आपका दिन उतने ही मजे में कट सकता है।

तुला : गणेशजी कहते हैं कि आज का दिन अपने रिश्तो की खटास और कड़वाहट को कम और सही करने का है, लेकिन आप ही को पहला कदम उठाना पड़ेगा। आपको महत्वकांशा और गर्व को पीछे रखना होगा और चीजो को खुद अपने हाथो में लेना होगा, अन्यथा आपका रिश्ता एक उथल पुथल सवारी की तरह आगे बढ़ेगा। आज आपका साथी अपना मन सारे सुझावों के लिए खुला रखेगा।

वृश्चिक : गणेशजी कहते हैं कि अगर आप एक रिश्ते में है, तो बार बार बातो को न दोहराएं। आपको याद रखना है की किसी को निश्चित रूप से आप के लिए बनाया गया है। जब सही समय आएगा तो कुदरत खुद उस अनमोल उपहार को आपके सामने उपस्थित कर देगी। आप खुद अपने प्यार को आपको ढूढ़ने दो, तब तक अपने मित्रों और सहयोगियों के साथ अच्छा समय बिताये और हो सकता है वह उपहार उधर ही कही छिपा हो, अपनी आशा को न छोड़ो।

धनु : गणेशजी कहते हैं कि एक तर्क में जीतना एक दिल के जीतने से बहुत अलग है। आप अपनी बात को साबित कर सकते है, परन्तु फिलहाल इस तरीके से आपका साथी आपसे दूर हो सकता है या आपका बहिष्कार कर सकता है। अपने प्यार अपने साथी को तर्क वितर्क में जितने का मौका दें। अपने साथी को आपके बिना बोले अपना मन मस्तिष्क पढ़ने दे।

मकर : गणेशजी कहते हैं कि किसी को भी आपको नीचा दिखाने की अनुमति नहीं है। ये समय कोशिश करते रहने का समय है। अगर आपके प्यार को चोट पहुंची है, तो समझे की वह आपके लिए था ही नहीं। अब भविष्य की ओर देखने का समय है। ऐसा कोई सामाजिक दायित्व नहीं है की आप ऐसी चीज के साथ रहे जो आपकी ऊर्जा के साथ मेल नहीं खाती। आपसी टकराव के कारण पीछे हटने में ही भलाई है। आपको शीघ्र ही अपना प्यार मिल सकता है।


कुंभ : गणेशजी कहते हैं कि आपकी पुरानी प्रियतमा नयी बनने की कोशिश कर रही हैं। आपको उन्हें एक मौका देना चाहिए और दूरियों को दूर करने की उनकी कोशिशों की भी कदर करनी चाहिए लेकिन ऐसा करते यह भी यह तो उन्हें महसूस करवा ही दें कि जो गलतियाँ वे पीछे कर चुके हैं आप उन्हें जानते हैं और वे दुबारा नही दोहराई जानी चाहिए।

मीन : गणेशजी कहते हैं कि रिश्ते निभाने में आपको महारत हासिल है लेकिन इसे अधिक न होने दें और खुद को केवल इसकी शारीरिक स्तर तक ही सीमित रखें, भावनात्मक रूप से किसी के साथ न जुड़ें। आपको भी कोई अधिक गंभीरता से नहीं लेगा और आप भी किसी को जरुरत से ज्यादा डिमांड करने की छूट न दें तो अच्छा रहेगा।

# कोविड का बढ़ रहा संक्रमण
# ना बरतें जरा भी लापरवाही

हाल के दिनों से देश भर में कोविड संक्रमण के मामले फिर से बढ़ रहे हैं। ऐसे में लापरवाही बरतना खतरनाक हो सकता है। हम आपको बता रहे हैं, इस संक्रमण के लक्षण और बचाव के तरीकों के बारे में।

प्रिकॉशन
डॉ. नवनीत सूद
सीनियर कंसल्टेंट-पल्मोनोलॉजी
धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, नई दिल्ली



लगातार संक्रमण के बढ़ते मामले देखते हुए वैश्विक महामारी कोरोना की तीसरी लहर की आशंका से लोग डर रहे हैं। पूरे देश में इससे निपटने के लिए स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है। ताजा आंकड़ों के अनुसार भारत में लगातार कोरोना के केस में वृद्धि देखी जा रही है। पूरे देश में पिछले कुछ दिनों से हर रोज संक्रमण के कई हजार नए मामले सामने आ रहे हैं। एक्टिव केसेस की संख्या भी बढ़ रही है। संक्रमण से कुछ डेथ्स भी रोज हो रही हैं। ऐसे में प्रिकॉशन बरतना बहुत जरूरी है।

**नए वेरिएंट से बढ़े मामले :** मेडिकल एक्सपर्ट्स के अनुसार कोविड के केसेस में जहां तक अचानक बढ़ोत्तरी का सवाल है तो इसके लिए ओमिक्रॉन का नया सबवेरिएंट XBB.1.16 जिम्मेदार है। हालांकि यह संक्रमण पुराने कोरोना वेरिएंट्स के संक्रमण की अपेक्षा थोड़ा हल्का बताया जा रहा है, लेकिन फिर भी हम सभी को सतर्क रहने की आवश्यकता है। यही वजह है कि अधिकतर सरकारी और निजी अस्पतालों में कोरोना से निपटने के लिए मॉक ड्रिल यानी पूर्वाभ्यास किया जा रहा है।



**वेरिएंट के बढ़ने के कारण :** ओमिक्रॉन का नया सबवेरिएंट XBB.1.16 तेजी से देशभर में फैल रहा है, इसके कई कारण हैं। जिसे इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने स्पष्ट किया है। आईएमए के अनुसार लोग कोरोना से बचाव के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन नहीं कर रहे हैं, जिस कारण नए मामले तेजी से बढ़ने लगे हैं। अगर किसी में कोरोना संक्रमण से जुड़े लक्षण दिखाई दे रहे हैं तो भी कई लोग उसकी जांच नहीं करवा रहे हैं, इस कारण भी तेजी से मामले फैल रहे हैं। इसके अलावा संक्रमण फैलने का एक कारण यह भी है कि कोरोना के नए सबवेरिएंट XBB.1.16 में तेजी से फैलने की क्षमता है, जिस वजह से देश में जगह-जगह संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ते ही जा रहे हैं। इसलिए इनके लक्षणों पर ध्यान देना और सावधानी बरतना बहुत जरूरी है।

**संक्रमण के लक्षण :** कोरोना वायरस का XBB.1.16 वेरिएंट से संक्रमण के अधिकतर लक्षण पुराने कोरोना संक्रमण के लक्षणों के समान ही हैं जैसे- नाक बहना, खांसी आना, मांसपेशियों में दर्द, थकान, गले में खराश, सिरदर्द होना। इसके अलावा कुछ अलग लक्षण जैसे पेट में दर्द, बेचैनी और दस्त भी इस बार कोरोना संक्रमित लोगों में देखने को मिल रहा है।

**संक्रमण से कैसे बचें :** कोरोना वायरस के नए सबवेरिएंट के संक्रमण से बचने के लिए आपको इसके लक्षणों पर गौर करना होगा। अपने और अपने परिवार के सदस्यों में ऐसे लक्षण नजर आने पर तुरंत जांच कराना बहुत आवश्यक है। इसके अलावा इंफेक्शन से बचने के लिए आपको पहले से ही सतर्क रहने की भी आवश्यकता है। हालांकि मौसम बदलने के कारण लोगों में फ्लू और नॉर्मल वायरल इंफेक्शन के मामलों में भी वृद्धि देखी जा रही है। इसके लक्षण भी इसी प्रकार के हैं इसलिए आपको बगैर डॉक्टर से जांच करवाए कोई भी दवाई नहीं लेनी चाहिए। मास्क और सैनिटाइजर का यूज करने में लापरवाही ना करें। बार-बार साबुन से हाथ धोते रहें। शरीर को मजबूत बनाए रखने के लिए स्वस्थ भोजन का सेवन करना भी बहुत जरूरी है। हेल्दी भोजन से मिलने वाले भरपूर पोषक तत्व और विटामिन आपकी प्रतिरोधकता को बढ़ाते हैं। ऐसे में आपका शरीर वायरस से लड़ने के लिए हमेशा तैयार रहेगा। इसके साथ ही नियमित व्यायाम करें, भरपूर नींद लें, चाय की जगह काढ़े का सेवन करें, जिससे आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी। इसके अलावा आप कोरोना वायरस से बचने के लिए कोविड-19 गाइडलाइंस का भी पूरी तरह पालन करें। *

डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. संजुक्ता घोष अरोड़ा
ईएनटी स्पेशलिस्ट, दिल्ली

इन दिनों बदलते मौसम और इंफेक्शन की वजह से काफी लोग सर्दी, जुकाम से ग्रसित हो रहे हैं। आमतौर पर यह चार-पांच दिन में ठीक हो जाता है लेकिन कई बार इसमें साइनोसाइटिस इंफेक्शन भी हो जाता है, जो काफी गंभीर भी हो सकता है। ऐसे में इसके बारे में अवेयर रहना जरूरी है।

# साइनोसाइटिस इंफेक्शन
# लापरवाही से बढ़ सकती है प्रॉब्लम





हममें से कई लोगों को अकसर सर्दी-जुकाम की समस्या रहती है। वैसे तो यह आम समस्या है, लेकिन गंभीर बीमारी का कारण भी बन सकता है। कई बार यह सर्दी-जुकाम नाक में होने वाले बैक्टीरियल, वायरल या फंगल इंफेक्शन के रूप में पूरी तरह विकसित हो जाता है।

## क्या है साइनोसाइटिस इंफेक्शन

हमारी नाक, आंख, कान, मुंह और ब्रेन आपस में एक-दूसरे से इंटरकनेक्ट होते हैं। ऐसे में अगर नाक में कोई इंफेक्शन हो जाए और उसका समुचित उपचार ना हो पाए तो इन अंगों में भी इंफेक्शन फैलने का खतरा बना रहता है। फंगल साइनोसाइटिस ऐसा ही इंफेक्शन है, जिसे ट्रीट ना कराने पर आंखों और दिमाग में फैल सकता है। हमारी नाक के आस-पास और सिर के आंतरिक भाग में बहुत सारी नेजल कैविटीज यानी खोखले छेद होते हैं। ये हमारे सिर को हल्का बनाए रखने और सांस लेने में मदद करते हैं। इन छेदों को साइनस कहते हैं। साइनस एक बॉक्स की तरह होता है, जिसकी दीवार बहुत पतली होती है। इसके 4 ग्रुप होते हैं, जो हमारी आंख और दिमाग के बहुत करीब होते हैं-दोनों तरफ के चेहरे की हड्डी में मैक्सिलरी साइनस, नाक के ऊपर माथे में फ्रंटल साइनस, आंखों के पास एथमोइड साइनस, पिछले हिस्से में बीचों-बीच दिमाग से सटा स्फेनॉइड साइनस। साइनस में किसी भी तरह का फंगल इंफेक्शन खतरनाक होता है क्योंकि अगर इसका सही समय पर इलाज ना किया जाए तो इंफेक्शन साइनस की दीवारों को तोड़कर आंखों और दिमाग तक जा सकता है।

बदलते मौसम में एलर्जन तत्वों और प्रदूषण की वजह से सर्दी-जुकाम होने पर साइनस में म्यूकस का स्राव होता है। समुचित उपचार ना करने पर साइनोसाइटिस इंफेक्शन हो जाता है। साइनस की नेजल कैविटी में सूजन आ जाती है,



जिससे साइनस का रास्ता ब्लॉक हो जाता है। नेजल कैविटी में म्यूकस का स्राव ज्यादा होने से जमाव होता रहता है। यहां बैक्टीरिया पनपने लगते हैं, जिससे इंफेक्शन हो जाता है। एक अनुमानके मुताबिक देश में साइनोसाइटिस इंफेक्शन के हर साल 10 मिलियन से भी ज्यादा मामले सामने आते हैं।

## साइनोसाइटिस के प्रकार

**एक्यूट साइनोसाइटिस :** वायरस या बैक्टीरिया के संपर्क में आने से यह इंफेक्शन होता है। यह इंफेक्शन कुछ दिनों तक रहता है।

**क्रॉनिक साइनोसाइटिस :** इसमें इंफेक्शन की वजह से नाक के टिशूज में सूजन आ जाती है। यह साइनोसाइटिस वायरस, बैक्टीरिया या फंगल इंफेक्शन से होता है। नाक में दर्द रहता है। यह स्थिति तीन महीने से भी ज्यादा समय तक रह सकती है।

**डिविएटिड साइनोसाइटिस :** इसमें मरीज के नाक की हड्डी झुक जाती है, जिसकी वजह से नेजल पैसेज ब्लॉक हो जाता है। नाक बंद हो जाती है, मरीज को सांस लेने में दिक्कत होती है। इंफेक्शन साइनस की दीवार को तोड़कर ब्रेन और आंखों में फैल जाता है, जिससे गंभीर स्वास्थ्य समस्या हो जाती और मौत का खतरा भी होता है।

## इन्हें हैं ज्यादा रिस्क

कमजोर इम्यूनिटी वाले लोग साइनोसाइटिस से ज्यादा प्रभावित होते हैं। डायबिटीज, कैंसर जैसी बीमारियों से जूझ रहे वे लोग जो इम्यूनसप्रेशन ड्रग्स ले रहे हों, व्यक्ति की नाक के अंदरूनी बनावट में कोई समस्या हो, इनके अलावा यहां बताए जा रहे कुछ अन्य कारणों से भी साइनोसाइटिस इंफेक्शन ट्रिगर हो सकता है।

- कॉमन कोल्ड होने पर।
- धूल-मिट्टी के कण, पोलेन ग्रेंस, धुआं जैसे वातावरण में मौजूद एलर्जन तत्वों के संपर्क में आने से।
- नाक के रास्ते (नेजल पैसेज) में दर्दरहित पॉलिप या ट्यूमर होना।
- पहाड़ी इलाके में जाने पर मौसम में बदलाव की वजह से।
- सीजनल एलर्जी का होना।
- डायबिटीज, अस्थमा, कैंसर जैसी बीमारियों के कारण कमजोर इम्यूनिटी वाले लोग।
- ऐसे मरीज जिनका ऑर्गन ट्रांसप्लांट हुआ हो।

## संक्रमण के लक्षण

फंगल साइनोसाइटिस के कुछ लक्षण होते हैं, जिन्हें पहचान कर तुरंत ईएनटी डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए, जैसे- नाक बंद होना, नाक से गंदा पानी बहना या कभी-कभी पानी के साथ खून आना, नाक से दुर्गंध आना, सिर दर्द (खासकर आधे सिर में) होना, हल्का बुखार, आंखों में पलकों के ऊपर दर्द होना, नाक के आस-पास के किनारों में दर्द होना, लंबे समय तक स्थिति बने रहने पर सूंघने की क्षमता कम होना, आंख से ठीक तरह दिखाई ना देना, नजर कमजोर होना।

साइनोसाइटिस इंफेक्शन एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। सही समय पर उपचार ना कराने से इंफेक्शन बढ़ने का खतरा रहता है। इंफेक्शन नाक, दिमाग, आंख और गले तक भी पहुंच सकता है। जिसे दूर करने के लिए सर्जरी भी करनी पड़ सकती है।


## कैसे होता है डायग्नोसिस

डॉक्टर मरीज का फिजिकल एग्जामिनेशन करते हैं। इंफेक्शन का पता लगाने के लिए नाक की एंडोस्कोपी की जाती है। स्थिति के आधार पर मरीज के म्यूकस का साइनस कल्चर, एलर्जी के लिए स्किन टेस्ट, साइनस एक्स-रे, पॉलिप-बॉयोप्सी भी किया जाता है। जरूरत पड़ने पर मरीज का सीटी स्कैन, एमआरआई भी कराई जाती है।

## ट्रीटमेंट का तरीका


सामान्य सर्दी-जुकाम में नाक बंद होने पर नेजल ड्रॉप, बुखार के लिए पैरासिटामॉल दी जाती है। साइनोसाइटिस इंफेक्शन के मरीज की स्थिति के आधार पर एंटीबॉयोटिक दवाइयां दी जाती हैं, जो साइनस में ज्यादा म्यूकस बनने से रोकती हैं। लेकिन गंभीर स्थिति होने पर सर्जरी भी की जाती है। *

## कैसे करें अपना बचाव



- नियमित तौर पर हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाएं और बैलेंस डाइट का सेवन करें।
- दिन में कम से कम 6-8 गिलास पानी जरूर पिएं।
- अगर मरीज को डायबिटीज, अस्थमा, कैंसर जैसी गंभीर बीमारी है, तो जरूरी है कि बीमारी कंट्रोल में रखें।
- धूल-मिट्टी में, कंस्ट्रक्शन साइट या भीड़-भाड़ वाली जगह जाने से बचें।
- नियमित रूप से कम से कम 30 मिनट व्यायाम करें। प्रदूषण हो तो घर में ही एक्सरसाइज करें।
- बीड़ी-सिगरेट का सेवन ना करें। *

प्रस्तुति : रजनी अरोड़ा



डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब कई दिनों तक आती रहे सूखी खांसी

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। मुझे कुछ दिनों से गले में खराश और सूखी खांसी हो रही है, लेकिन बुखार नहीं है। कोरोना की बूस्टर डोज लगाए करीब 6 माह हो गए हैं। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-आलोक, बिलासपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको वायरल हुआ था, उसका असर अभी तक है, क्योंकि मौजूदा समय में जो वायरल फैल रहा है, उसमें खांसी लंबे समय तक चल रही है। कई मामले में तो खांसी दो महीने तक चल रही है। इसलिए आप थोड़ी सावधानी बरतें। सुबह-शाम नमक पानी से गरारा करें, ठंडी चीजें खाने से बचें। अधिक खांसी आने पर डॉक्टर की सलाह से कफ सिरप ले सकते हैं।

**मेरी उम्र 52 साल है। कुछ दिनों से अचानक चक्कर आता है, जी मिचलाता है, बहुत थकान महसूस होती है। यह किसी गंभीर बीमारी का संकेत तो नहीं है?**

**-सुरेंद्र, भोपाल**

सबसे पहले आप अपना ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच करवाएं। क्योंकि इन दोनों की कमी होने पर इस तरह की समस्या देखी जाती है। साथ ही एचबी की भी जांच करवाएं। जांच से पता चल जाएगा कि कमजोरी तो नहीं है यानी शरीर में खून की कमी तो नहीं है, जिस वजह से चक्कर आते हैं। यह सब रिपोर्ट आने के बाद आप एक बार डॉक्टर से संपर्क करें। रिपोर्ट के आधार पर डॉक्टर आपका ट्रीटमेंट करेंगे।

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। कुछ दिनों से ऑफिस में लंच करने के बाद नींद आती है, जबकि रात में नींद पूरी लेता हूं। ऐसा क्यों हो रहा है, प्लीज बताएं?**

**-युवराज, जगदलपुर**

अगर आपको ऑफिस में ऐसी समस्या आ रही है तो दोपहर में लंच थोड़ा हल्का करें। मसलन, अगर तीन रोटी खाते हैं तो दो रोटी खाएं। साथ ही चावल की मात्रा भी कम करें। दोपहर के खाने में सलाद और दही जरूर लें। इससे नींद की समस्या से राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 36 साल है। मेडिकल शॉप पर मल्टी विटामिन की टैबलेट, कैपसुल और सिरप मिलते हैं। इनमें से कौन-सा फॉर्म ज्यादा कारगर है और सामान्य तौर पर इन्हें कब लेना चाहिए? कृपया मेरी मदद करें?**

**-उदय, दिल्ली**

आपको यह सब लेने के लिए किसने कहा है, आप अपने आप ले रहे हैं या डॉक्टर ने आपको कंसल्ट किया है? क्या आपने जांच कराई है और रिपोर्ट में किसी प्रकार की कोई कमी है, जिस वजह से आप यह लेना चाह रहे हैं? बेहतर होगा कि आप डॉक्टर से संपर्क करें, वही बताएंगे कि आपको क्या चीज लेनी चाहिए।

**मेरी उम्र 69 वर्ष है। कुछ दिनों से खाने के बाद पेट में दर्द होने लगता है। जबकि डॉक्टर की बताई एसिडिटी और गैस की दवा लगातार लेता हूं। कृपया बताएं मैं क्या करूं?**

**-लक्ष्मी शंकर, बहादुरगढ़**

उम्र बढ़ने के साथ पाचन क्रिया कमजोर हो जाती है। इस वजह से ऐसी समस्या आती है। इससे बचने के लिए सबसे अच्छा तरीका है कि आप हल्का भोजन करें, अधिक तेल वाला या मसाले वाला खाना खाने से बचें। साथ ही खाने में सलाद की मात्रा बढ़ा दें। सुबह और शाम नियमित रूप में सैर करें। रात में खाने के तुरंत बाद ना सोएं। सोने से 3 घंटे पहले खाना खा लें। इस तरह के बदलावों से आराम मिलेगा। *

प्रस्तुति : रिचा पांडे

# राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की हॉरर फिल्म स्त्री 2 की रिलीज डेट की घोषणा



बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर अभिनीत स्त्री 2 को आखिरकार रिलीज की तारीख मिल गई है। निमार्ता ने मुंबई में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में स्त्री 2 की रिलीज की तारीख की घोषणा की। फिल्म के मुख्य कलाकार राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी की मौजूदगी में विजान ने कहा कि फिल्म 2024 में रिलीज होगी।

कलाकारों ने स्त्री के साथ अपने आखिरी रन-इन को याद किया और प्रार्थना की कि स्त्री तुम फिर मत आना। हालांकि श्रद्धा ने लोगों को याद दिलाया कि स्त्री एक बार फिर राजकुमार राव के किरदार 'विक्की' को डराने के लिए पूरी तरह तैयार है। टीम ने आखिरकार खुलासा किया कि स्त्री 2, 31 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में उतरेगी। इस कार्यक्रम में मौजूद वरुण धवन ने अपनी फिल्म भेदिया 2 की घोषणा की और पुष्टि की कि वह अपने वेयरवोल्फ अवतार में लौट आएंगे। फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी इस तथ्य के अलावा सामने नहीं आई है कि यह 2025 में रिलीज होने वाली है।

राजकुमार राव की स्त्री 2018 में एक व्यावसायिक सफलता और समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्म थी और साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी। राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की ताजा जोड़ी ने प्रशंसकों और दर्शकों के बीच खूब प्यार बटोरी।

स्पेशल डाइट / प्रेमलता यदु

# न्यूट्रिएंट्स से भरपूर मिलेट्स



यह वर्ष (2023) इंटरनेशनल मिलेट ईयर (अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष) के रूप में मनाया जा रहा है। वर्ष 2018 में भारत के द्वारा विश्व के समक्ष 'अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष' का प्रस्ताव रखा गया था, जिसे खाद्य और कृषि संगठन के द्वारा अनुमोदित किया गया और संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष के रूप में घोषित किया।

**क्या होते हैं मोटे अनाज :** ज्वार, बाजरा, रागी (मडुआ), कोदो, जौ, सामा, सांवा, लघु धान्य या कुटकी, कांगनी और चीना फसलों को मिलेट्स यानी मोटे पोषक अनाज के तौर पर जाना जाता है। पूरा विश्व अब मिलेट्स के फायदे को समझ कर उसे अपने भोजन में शामिल करने पर जोर दे रहा है।

**स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद :** मिलेट्स हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं।

- ज्वार, बाजरा, मक्का और मडुआ जैसे मोटे अनाज में भरपूर पोषक तत्व पाए जाते हैं।
- मडुआ, उच्च पोषण वाला मोटा अनाज माना जाता है। इसमें कैल्शियम की मात्रा भरपूर पाई जाती है। यह डायबिटीज पेशेंट्स के लिए बहुत फायदेमंद होता है।
- बाजरा में प्रोटीन की प्रचुर मात्रा पाई जाती है। प्रोटीन के साथ ही बाजरा में कार्बोहाइड्रेट, लौह तत्व और कैरोटीन भी पाया जाता है। कैरोटीन हमारी आंखों के लिए बहुत ही लाभदायक होता है।
- मोटे अनाजों में गेहूं और चावल की अपेक्षा अधिक मात्रा में पोषक तत्व, खनिज, विटामिंस आदि पाए जाते हैं। इनमें फाइबर की अत्यधिक मात्रा होने के कारण इनके सेवन से भूख कम लगती हैं, जिसके कारण ये वजन कम करने में भी सहायक होते हैं।
- मिलेट्स में ज्यादा मात्रा में डाइटरी फाइबर्स होने के कारण इनके सेवन से डाइजेस्टिव सिस्टम अच्छा रहता है, जिससे पेट की कई परेशानियां जैसे- कब्ज, पेट फूलना, अपचन, सूजन, पेट में मरोड़ जैसी समस्याएं कम होती हैं।
- मिलेट्स के नियमित सेवन से किडनी और लीवर जैसे अन्य महत्वपूर्ण अंगों के स्वास्थ्य में सुधार होता है। इसके सेवन से इम्यूनिटी सिस्टम भी मजबूत होता है।
- मोटे अनाज रक्त में शर्करा की मात्रा को नियंत्रित रखने में सहायक होते हैं, साथ ही हृदय के लिए भी मोटे अनाज बेहद लाभकारी सिद्ध होते हैं।
- मोटे अनाज में प्रोटीन की मात्रा भी अधिक पाई जाती है। मिलेट्स को सही तरह से पकने के बाद सेवन किया जाए तो यह पचने में भी आसान होते हैं। *

# आकांक्षा दुबे आत्महत्या मामले में बड़ा एक्शन

### समर सिंह के बाद उनका सह-आरोपी संजय सिंह को पुलिस ने किया गिरफ्तार



भोजपुरी ऐक्ट्रेस आकांक्षा दुबे की मौत का मामला लगातार उलझता जा रहा है। 25 वर्षीय भोजपुरी ऐक्ट्रेस आकांक्षा दुबे की 26 मार्च 2023 को आत्महत्या से मृत्यु हो गई। वह वाराणसी में अपने होटल के कमरे के अंदर मृत पाई गईं, जहां वह अपनी फिल्म लाईक हूं मैं नालायक नहीं की शूटिंग कर रही थीं। उनके होटल के कमरे में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। समर सिंह को हाल ही में आकांक्षा दुबे आत्महत्या मामले में गिरफ्तार किया गया था। ताजा घटनाक्रम में सह आरोपी संजय सिंह को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

आकांक्षा दुबे की मौत के बाद से संजय सिंह और समर सिंह दोनों ही फरार चल रहे थे। 7 अप्रैल को समर सिंह को पुलिस ने गाजियाबाद में गिरफ्तार किया था। अब सह आरोपी संजय सिंह को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आकांक्षा दुबे के मामले में दोनों को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। क्राइम ब्रांच और सारनाथ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में संजय सिंह को 12 अप्रैल बुधवार की शाम वाराणसी के गोइथाहा अंडरपास से गिरफ्तार किया गया। आकांक्षा दुबे की मां मधु दुबे ने अपनी बेटी की मौत के लिए दो लोगों को जिम्मेदार ठहराया था। एक्ट्रेस की मां ने समर सिंह और संजय सिंह पर आकांक्षा की हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने खुलासा किया कि 21 मार्च को समर सिंह के भाई संजय सिंह ने आकांक्षा दुबे को जान से मारने की धमकी दी थी, जिसकी जानकारी अभिनेत्री ने खुद उन्हें फोन पर दी थी।

# निर्वाचन कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए : डीएम

संवाददाता



**लखनऊ।** नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद पुलिस और प्रशासन हर मोड़ पर सक्रिय नजर आ गया है। चुनावी नामांकन व्यवस्था को परखने के लिए बुधवार को जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार व जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मलिहाबाद तहसील परिसर का भ्रमण किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने नामांकन के लिए की गई तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित भी किया। इस दौरान एसडीएम और एसीपी मलिहाबाद सहित तहसील के समस्त अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने नामांकन प्रक्रिया के दौरान कोरोना गाइडलाइन का कड़ाई से पालन करने का निर्देश देते हुए कहा कि सोशल डिस्टेंसिंग का पालन व उचित दूरी मास्क बहुत जरूरी का पालन कराया जाए। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के लागू होने के दौरान राजनीतिक दल किसी भी सार्वजनिक स्थल पर चुनाव प्रचार संबंधित सामग्री बिना अनुमति यदि लगाते हैं तो उसे तुरंत हटाए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।इसके अतिरिक्त यदि चुनाव प्रक्रिया के दौरान कोई भी वाहन बिना अनुमति के प्रचार प्रसार करता हुआ पाया जाता है तो निर्धारित धाराओं में संबंधित के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करें।

बुधवार को नगर पंचायत मलिहाबाद में दूसरे दिन अध्यक्ष व सभासद पदों के लिये कुल 23 नामांकन पत्रों की बिक्री हुयी। जिसमें नगर पंचायत मलिहाबाद के अध्यक्ष पद के लिये 3 नामांकन पत्र व सभासद पदों के लिये 20 नामांकन पत्रों की बिक्री हुयी। दो दिनों में सभासद पद के लिए 30 व अध्यक्ष पद के लिये 4 नामांकन पत्र बिके। बताते चलें कि नगर पंचायत मलिहाबाद में कुल 15 वार्ड हैं। जिसमें नगर पंचायत मे 22 हजार एक सौ 27 मतदाता है। जिनमें 11 हजार 412 मतदाता पुरूष व 10 हजार 715 महिला मतदाता है।

# रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला था किशोरी का शव, पीएम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या का हुआ खुलासा

- **हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए रेलवे ट्रैक पर फेंका गया था शव, पुलिस कई बिंदुओं पर कर रही है जांच**

संवाददाता



**लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट पश्चिम जोन के थाना रहीमाबाद में विगत सोमवार देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में नाबालिग किशोरी का शव ट्रेन की पटरी पर पड़ा मिला था। जिसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने नया मोड़ ले लिया है। हत्या का खुलासा हुआ है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम राहुल राज ने बताया कि रहीमाबाद में छात्रा रजनी की मौत के मामले में युवती की गला दबाकर की हत्या की गई थी। जांच में जुटी पुलिस ने पीएम रिपोर्ट के बाद हत्या की धारा बढ़ाई हैं। पीएम रिपोर्ट आने के बाद इस मामले को पुलिस अब नए सिरे से जांच में जुट गई है। हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए रेलवे ट्रैक पर शव को फेका गया था। ताकि पुलिस इसे आत्महत्या समझे लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद साफ हो गया है कि हत्या करने के बाद शव को रेलवे ट्रैक पर फेंका गया।

मंगलवार को मृतक की मां ने रहीमाबाद पुलिस को तहरीर देते हुए गांव के ही दो नामजद व तीन अज्ञात लोगों पर पुरानी रंजिश के चलते उसकी पुत्री की हत्या कर रेलवे ट्रैक पर फेकने का शक जाहिर किया है। ग्राम मुड़ियारा निवासी धनीराम की पुत्री रजनी (17) का शव गोसवा फाटक संख्या 238 से रहीमाबाद की ओर करीब 200 मीटर आगे बीती सोमवार देर रात ट्रेन की पटरी पर मिला था। भाई खुशीराम ने बताया कि मेरी बहन लखनऊ दुबग्गा पर स्थित निजी अस्पताल में काम करती थी। जो करीब एक साल से प्रतिदिन अप डाउन करती थी और शाम को अस्पताल से वापस घर आ जाती थी। सोमवार देर शाम सूचना मिली की गोसवा रेलवे फाटक पर बहन रजनी की ट्रेन से कटने से मौत हो गई है। मंगलवार को मृतक रजनी की मां ने गांव के शंकर लाल गौतम पुत्र ब्रजमोहन, रामजीवन पुत्र नन्हा सहित कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध पुरानी रंजिश के चलते जान से मारने की धमकी देने की पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर शंकर लाल गौतम पुत्र ब्रजमोहन, रामजीवन पुत्र नन्हा सहित कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध धारा 504, 506, 306 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पोस्टमार्टम के बाद अब पुलिस ने मामले में 302 की धारा बढ़ा दी है। साथ ही पुलिस गहनता से कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## नगर निकाय चुनाव में रालोद प्रत्याशी हैंडपंप चुनाव चिन्ह पर ही लड़ेंगे चुनाव-अनिल दुबे



**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि उ0प्र0 में होने जा रहे नगर निकाय चुनाव में राष्ट्रीय लोकदल के उम्मीदवार हैंडपंप चुनाव चिन्ह पर ही चुनाव लड़ेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग में राष्ट्रीय लोकदल मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के रूप में पंजीकृत है और राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा कोई भी रिव्यू नहीं किया गया है। श्री दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल एवं समाजवादी पार्टी का गठबंधन बना हुआ है और पार्टी के प्रत्याशी पार्टी के चुनाव निशान हैंडपंप पर ही चुनाव लड़ेंगे।


# तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, इलाज के दौरान दो कि मौत

**मौत की खबर सुनते ही दोनो परिवारों में छाया मातम**

संवाददाता

**लखनऊ।** बाजार से सब्जी लेकर घर लौट रहे बाइक सवार को अनियंत्रित तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिसमें सवार दो लोग उछलकर सड़क किनारे जा गिरे जिनकी ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गयी।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के भतोइया पुलिस पिकेट के पास बुधवार दोपहर बाद लखनऊ हरदोई मार्ग पर हरदोई की तरफ से आ रही तेज रफ्तार वैगनआर कार यूपी 32 के टी 1495 का टायर फटने से कार अनियंत्रित होकर भतोइया बाजार से सब्जी लेकर लौट रहे स्प्लेंडर बाइक यूपी 32 एफएम 3152 सवार इंदल निवासी गंगा खेड़ा गोडवा, पीछे बैठे लक्ष्मी नारायण निवासी ठाकुरगंज लखनऊ को जोरदार टक्कर दी टक्कर मारकर कार प्रकाश की साइकिल की दुकान में जा घुसी जिससे मौके पर अफरा तफरी मच गई। हालांकि दुकान दार धड़ाम की आवाज सुन दुकान से भाग निकला कार में सवार चालक महेंद्र सिंह सहित अन्य 3 लोगों को हल्की-फुल्की खरोचे पहुंची है। कार चालक महेंद्र सिंह हल्द्वानी से लखनऊ विकासनगर अपने घर जा रहे थे। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को मलिहाबाद सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने दोनों की हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जहां कुछ घंटे के बाद उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई। मृतक इन्दल के परिवार में पत्नी इन्दरानी पुत्र अरविंद, अभिषेक कन्हैया पुत्री मीरा, मोहिनी है। वहीं मृतक लक्ष्मी नारायण के परिवार में पत्नी रामदेवी पुत्र राहुल, रवि, संतोष, विकास, सौरभ है जिनका रो रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में रहीमाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक अख्तयार अहमद अंसारी ने बताया कि क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।



मृतक लक्ष्मीनारायण – फाइल फोटो



मृतक इन्दल – फाइल फोटो

## मामूली विवाद में पड़ोसी ने किया चाकू से हमला रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता

**लखनऊ।** बिजनौर के ठकुराइन खेड़ा, माती निवासी राजकुमार ने गांव के ही पिंटू के खिलाफ नशे की हालत में गाली गलौज करने के अलावा विरोध करने पर चाकू से वार कर चोटिल करने का आरोप लगाया है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। राजकुमार का कहना है कि मंगलवार रात करीब 7:45 बजे वह अपने खेत से घर जा रहा था। तभी रास्ते में नशे की हालत में मिले पिंटू ने मामूली बात को लेकर उससे गाली-गलौज शुरू कर दी। जब राजकुमार ने विरोध किया तो पिंटू ने उसके ऊपर चाकू से हमला कर दिया। जिससे राजकुमार के बाएं हाथ की कलाई पर चाकू लगने से वह चोटिल हो गए। बाद में राजकुमार की चीख-पुकार सुनकर पहुंचे गांव के ही कुलदीप और सुनील ने किसी तरह उन्हें बचाया। आरोप है कि बाद में मौका पाते ही पिंटू अपने घर में जा घुसा। इसके बाद पीड़ित ने घटना की सूचना बिजनौर पुलिस को दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# प्लाट पर दबंग कर रहे कब्जा करने का प्रयास पीड़ित बुजुर्ग ने उच्चाधिकारियों से की शिकायत

संवाददाता



**काकोरी लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा एंटी भू माफिया टीम का गठनकर जमीन को कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए थे।लेकिन जमीनी हकीकत पर टीम पूरी तरह से अपने मकसद में नाकाम साबित होती नजर आ रही है।

पीड़ित बुजुर्ग रतीपाल विश्वकर्मा (65) निवासी बालागंज थाना ठाकुरगंज के अनुसार पूर्व में ग्राम विकास अधिकारी पद से रिटायर्ड होने के बाद में मिले रुपयों से दुबग्गा थाना क्षेत्र के जेहटा गांव में एक प्लाट खरीदा था।जिसका गटा संख्या 1844 से 2450 वर्ग फीट का प्लाट रजिस्टर्ड बैनामा 8 नवंबर 2017 को चंद्र शेखर से कराया था और भूखंड की बाउंड्री वॉल बनाकर कब्जा कर लिया था लेकिन दो साल बाद चंद्रशेखर ने जालसजी कर मेरी बेशकीमती जमीन को 2019 में दो लोगों को पुनः रजिस्टर्ड बैनामा करके उनसे धन उगाही कर लिया और मेरे प्लाट पर कब्जा करने का प्रयास करने लगे। जब इसकी जानकारी प्लाट मालिक रतीपाल विश्वकर्मा को हुई तो उन्होंने कहा कि मेरे प्लाट पर कब्जा क्यों कर रहे हो तो वहां पर मौजूद दबंग तिलक राम, चंद्र शेखर सहित दो अन्य लोगों ने पीड़ित को डरा धमकाकर वहां से भगा दिया जिसपर पीड़ित ने स्थानीय थाने पर दिनांक 06/10/2022 को गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया था।मुकदमा पंजीकृत होने के बावजूद भी आरोपियों पर कोई कठोर कार्यवाही न होने से फिर से दबंगों ने बुजुर्ग रतीपाल के प्लाट पर दबंग तिलक राम, चंद्र शेखर उनके साथी पवन यादव, विपिन यादव प्लाट पर कब्जा करने का पूरा प्रयास कर रहे है इसकी शिकायत को लेकर बुजुर्ग रिटायर्ड ग्राम विकास अधिकारी रतीपाल विश्वकर्मा ने दबंगों को सबक सिखाने के लिए 1076, पुलिस कमिश्नर, पुलिस महानिदेशक तथा आईजीआरेस कर उच्चधिकारियों से की शिकायत।

# सुखी झाड़ियों में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने 1 घंटे में पाया काबू



संवाददाता

**लखनऊ।** सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा स्थित अवध कॉलेजिएट स्कूल के बगल झाड़ियों में बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से हड़कंप मच गया। कानपुर रोड स्थित स्कूल के बगल झाड़ियों में आग लगी देख घटना की सूचना पर कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना पाकर पहुंची तीन दमकल गाड़ियों ने आनन फानन आग पर काबू पा लिया। बताते हैं कि अवध कॉलेजिएट स्कूल के बगल बुधवार दोपहर बाद जंगल में खड़ी झाड़ियों में अचानक आग लग गई। आग की तेज लपटें उठती देख राहगीरों के अलावा स्कूल प्रशासन ने आनन-फानन इसकी सूचना फायर कंट्रोल रूम को दी। सूचना पाकर पहुंची तीन दमकल गाड़ियों ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। फिलहाल इस घटना में कोई विशेष नुकसान नहीं हो सका है। लेकिन संदेह जताया जा रहा है कि घटनास्थल के ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन विद्युत लाइन के तारों से निकली चिंगारी की वजह से ही यहां आग लगने से यह घटना हुई है।

# डॉ. शकुन्तला मिश्रा लखनऊ के 11 छात्रों का कैम्पस प्लेसमेंट हुआ

संवाददाता

**काकोरी लखनऊ।** डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ के डायरेक्टर प्लेसमेंट बिराग दीक्षित ने बताया कि एम०बी०ए० और बी० टेक० (ई०सी०) के 11 छात्र एवं छात्राओ का बोर्ज.हैगर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली में सर्विस इंजीनियर के पद पर 4.50 लाख के एनुअल पैकेज पर और सेल्स एग्जीक्यूटिव के पद पर 5.50 लाख के एनुअल पैकेज पर कैंपस प्लेसमेंट हुआ है।

1. दिव्यंका वार्ष्णेय- सर्विस इंजीनियर ,2. भानुप्रिया गुप्ता-सर्विस इंजीनियर ,3. नवनीत कुमार-सर्विस इंजीनियर ,4. प्रवीण शर्मा- सर्विस इंजीनियर ,5. अंकित सिंह- सर्विस इंजीनियर ,6. ऋषभ कुमार-सर्विस इंजीनियर ,7. प्रदीप गुप्ता- सेल्स एग्जीक्यूटिव ,8. नीलेश कुमार- सेल्स एग्जीक्यूटिव ,9. अतुल कुमार-सेल्स एग्जीक्यूटिव ,10. शिवम कुमार-सेल्स एग्जीक्यूटिव ,11. रजनीश - सेल्स एग्जीक्यूटिव अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो सी.के.दीक्षित ने बताया कि संस्थान में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण रोजगारपरक शिक्षा प्रदान की जा रही है जिससे वर्तमान सत्र मे संस्थान के विद्यार्थियों का प्लेसमेंट देश विदेश की विभिन्न कंपनियों में हो सका है। विश्वविद्यालय परिवार की ओर से माननीय कुलपति प्रो राणा कृष्ण पाल सिंह, कुलसचिव रोहित सिंह और डायरेक्टर प्लेसमेंट विराग दीक्षित ने चयनित छात्रों को बधाई प्रेषित की है। द्वारा प्रो० यशवंत वीरोदय, मीडिया प्रभारी, डॉ शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ।



# नियोजित योजना के तहत धोखाधड़ी कर 40 लाख रुपए की रकम हड़पने का आरोप लगाया रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता

**सरोजनीनगर** के बेहटवा, नादरगंज औद्योगिक क्षेत्र स्थित मैसर्स मृदंग फार्मा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक विशाल शर्मा ने हरियाणा प्रांत के सोनीपत जिले में फ्रेंड्स कॉलोनी, जीटी रोड, कुंडली स्थित सुपरक्योर बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक वीरेश कुमार, सत्येंद्र प्रसाद सिंह और जोनल सेल्स मैनेजर सर्वेश तिवारी पर पूर्व नियोजित योजना के तहत धोखाधड़ी कर 40 लाख रुपए की रकम हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। विशाल शर्मा के मुताबिक उनकी मैसर्स मृदंग फार्मा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी फार्मास्युटिकल्स उत्पादों की मार्केटिंग और सेल का व्यापार करती है। आरोप है कि वीरेश कुमार, सत्येंद्र प्रसाद सिंह और सर्वेश तिवारी ने पूर्व नियोजित योजना के तहत धन हड़पने के लिए विशाल शर्मा को कंपनी के साथ कंसाइनर अनुबंध निष्पादित करने का विश्वास दिलाया। जिसके बाद अनुबंध विलेख वास्ते कंसाइनर एजेंट विशाल शर्मा और सुपर बायोटेक के मध्य निष्पादित किए गए अनुबंध के तहत विशाल शर्मा ने एनईएफटी एचडीएफसी बैंक शाखा आशियाना, लखनऊ के द्वारा उन्हें 18 नवंबर 2022 को 11 लाख रुपए और आरटीजीएस के जरिए आईसीआईसी बैंक शाखा इंदिरा नगर, लखनऊ में 25 लाख रुपए, जबकि आईसीआईसीआई बैंक शाखा इंदिरा नगर द्वारा विपक्षी कंपनी के कर्नाटका बैंक लिमिटेड के खाते में 4 लाख रुपये भेज दिए। इस दौरान विपक्षी कंपनी द्वारा विशाल शर्मा को अनुबंध की शर्तों के तहत 40 लाख रुपए तक की सेल की गारंटी प्राप्त थी और निर्धारित सेल पर 6 फीसदी व असफलता की दशा में 2 प्रतिशत अतिरिक्त कमीशन प्रतिमाह के आधार पर जबकि 9 फीसदी वार्षिक ब्याज दर 40 लाख रुपये पर विपक्षी कंपनी द्वारा विशाल शर्मा को देय था। लेकिन आरोप है कि विपक्षी कंपनी द्वारा विशाल शर्मा से 40 लाख रुपए प्राप्त करने के बाद अनुबंध की शर्तों का पालन नहीं किया गया और बाद में विपक्षी कंपनी के निदेशक व जोनल सेल्स मैनेजर ने अनुबंध को मानने से इनकार कर दिया। आरोप है कि जब पीड़ित ने कोविड-19 महामारी के तहत लॉकडाउन के बाद विपक्षी कंपनी के निदेशक और जोनल सेल्स मैनेजर से बातचीत की तो आरोपियों ने उसे आश्वासन देकर चुप कर दिया। आरोप है कि बाद में ईमेल और मैसेज का कोई जवाब देने के बजाय आरोपियों ने मोबाइल तक रिसीव करना बंद कर दिया। काफी दिनों बाद जब पीड़ित ने कंपनी से ज्यादा संपर्क किया तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# झांसा देकर 32 हजार की रकम किया पार

संवाददाता

**लखनऊ।** सरोजनीनगर की एक महिला से किराए पर घर लेने के लिए एडवांस किराया देने का झांसा देकर साइबर जालसाज ने अकाउंट की पूरी डिटेल ले ली और बाद में उसके खाते से 32 हजार रुपये की रकम पार कर दी। अपने साथ धोखाधड़ी होने की भनक लगने पर साधना सिंह ने सरोजनीनगर थाने में मामला दर्ज कराया है। सरोजनीनगर के एलडीए कॉलोनी, सेक्टर ई, हिंद नगर निवासी धीरेंद्र बहादुर सिंह की पत्नी साधना सिंह के मुताबिक उनका रायबरेली में स्थित मकान पूरी तरह खाली पड़ा है। जिसे किराए पर देना है। इसको लेकर उन्होंने मैजिक ब्रिक ऐप पर घर की पूरी डिटेल डाल रखी है। साधना सिंह का कहना है कि उसी ऐप के जरिए बीती 6 अप्रैल को दीपक पवार नामक एक व्यक्ति ने मोबाइल से उसके पास कॉल की और किराए पर मकान लेने की बात कहते हुए घर की फोटो मांगी। थोड़ी देर बाद उसने बिना मांगे ही अपना आधार कार्ड, पैन कार्ड और आर्मी का आई डी कार्ड सहित फोटो आदि साधना सिंह के पास भेज दिया। बाद में उसने बताया कि घर पसंद है, मुझे किराए पर लेना है। साथ ही किराया पूछते हुए आरोपी ने साधना सिंह का बैंक अकाउंट, फोन पे और गूगल पे आदि एडवांस किराया ट्रांसफर करने के लिए मांग लिया। इस पर साधना सिंह ने अपने पास मौजूद पति धीरेंद्र बहादुर सिंह का मोबाइल नंबर भी भेज दिया। इसके अलावा उसने जो भी डिटेल मांगी, साधना ने उसे सारी डिटेल दे दी। बाद में आरोपी ने अपने अकाउंट पर 5 रुपये यह कहते हुए भेजने को कहा कि जिससे मनी ट्रांसफर कंफर्म हो जाए। इस पर साधना ने 5 रुपये उसके बताए खाते में भेज दिए। बाद में आरोपी ने भी उनके पास 5 रुपये भेज दिया। आरोप है कि इसके बाद आरोपी ने उनसे 24 हजार रुपये यह कहते हुए अपने अकाऊंट में भेजने को कहा कि फौज में यही सिस्टम है। उसकी इस बात पर साधना ने भरोसा करते हुए 24 हजार रुपये की रकम उसके खाते में ट्रांसफर कर दी। बाद में आरोपी ने 8 हजार रुपये फिर ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद आरोपी ने साधना से कहा कि अभी भेजे गए रुपयों की जगह डबल रकम वह साधना के अकाउंट में भेज देगा। लेकिन काफी देर बाद भी साधना के अकाउंट में रकम वापस नहीं आई। बाद में जब पीड़ित ने आरोपी के मोबाइल नंबर पर फोन किया तो उसने रिसीव करना बंद कर दिया। जिसके बाद साधना को अपने साथ ठगी होने की भनक लगी और उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल के माध्यम से जालसाज का पता लगा रही है।

# अब हर महीने चार दिन मनेगा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस

**9 और 24 के साथ ही 1 और 16 तारीख को भी मनेगा दिवस**

**प्रदेश में अधिक गर्भवती को लाभान्वित करने के उद्देश्य से अभियान का विस्तार**

संवाददाता

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस अब महीने में दो नहीं, बल्कि चार दिन मनाया जाएगा। अभी तक 9 और 24 तारीख को यह दिवस मनाया जाता था जिसे अब 1 और 16 तारीख को भी मनाया जाएगा। प्रदेश में अधिक संख्या में गर्भवती लाभान्वित हो सकें, इसे ध्यान में रखते हुए यह निर्णय राज्य स्तर पर लिया गया है। प्रदेश के सभी जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी को संबोधित पत्र में प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में संभावित गर्भवती महिलाओं की संख्या 67 लाख है लेकिन प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस (पीएमएसएमए) पर मार्च 2023 तक 12.55 लाख द्वितीय/तृतीय त्रैमास वाली महिलाएं अभियान के दौरान लाभान्वित हुईं जो कुल गर्भवती महिलाओं के सापेक्ष बहुत ही कम है। इसे ध्यान में रखते हुए अब हर माह की 9 और 24 तारीख के अतिरिक्त 1 और 16 तारीख को भी पीएमएसएमए मनाया जाएगा। उन्होंने निर्देशित किया है कि अब हर माह की नौ तारीख को यह अभियान सभी ब्लॉकस्तरीय स्वास्थ्य इकाइयों, जनपदीय महिला/ संयुक्त चिकित्सालयों व शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और मेडिकल कॉलेज में पहले की ही तरह आयोजित किया जाएगा। हर माह की 1, 16 और 24 तारीख को मेडिकल कॉलेज, जनपदीय महिला/संयुक्त चिकित्सालय, एफआरयू सीएचसी व अन्य सीएचसी तथा शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पीएमएसएमए दिवस का संचालन किया जाएगा।

# गुनाहों की माफी मांग अपने रब को राजी करने में जुटे रोजादार तीस पारे की तराबीह नमाज के साथ मुकम्मल

संवाददाता



सरोजनीनगर लखनऊ बंथरा। माहे रमजान का मुबारक महीना मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए बहुत ही पाक व रहमतों का महीना होता है जिसमें एक माह रोजा रखकर भूखे प्यासे रहकर शिद्दत से इबादत कर अपने गुनाहों की माफी मांग अपने रब को राजी करने में जुटे रहते है जिसमें रोजदार पूरे एक महीना रोजा रखकर कुरान शरीफ की तिलावत व पांच वक्त की नमाज पढ़ते हैं तथा अपनी जान माल की हिफाजत के लिये फितरह व जकात भी अदा करते है जो गरीब मिस्कीन को दिया जाता है तथा रोजदार तराबीह भी पढ़ते व सुनते है जिसको लेकर बुधवार को रसूलपुर नूरी मस्जिद में कुरआन मजीद तीस पारे तराबीह नमाज के साथ मुकम्मल की गई है इस अवसर पर नूरी मस्जिद के इमाम हाफिज नावेद साहब और हाफिज फैजान साहब और हाफिज दिलकश साहब नमाजे तराबीह में मौजूद रहे।इस मौके पर तरावीह सुनने वालों ने हाफिज नावेद, हाफिज फैजान को मुबारकबाद दी। तराबीह मुकम्मल होने पर मस्जिद के इमाम नावेद साहब ने बताया कि रमजान के इस महीने में मोमिन का रिज्क बढा दिया जाता है, इस माहे मुबारक में शबे कद्र होती है, जिसमें इबादत करने का सवाब हजार महिनों से बेहतर है, इसी रात में कुरआन मजीद नाजिल हुआ यानी उतारा गया। इस माह में एक बार पूरा कुरआन तरावीह की नमाज में मुकम्मल करना सुन्नत है। हाफिज दिलकश साहब ने बताया कि हर मुसलमान को पूरा कुरान पाक तरावीह की नमाज के साथ सुनना सुन्नते मोकिदा है। कार्यक्रम के बाद मुल्क की अमन शांति आपसी भाईचारा को मजबूत करने के लिए दुआ की गई। तथा तब रुक तस्कीन किया गया।इस अवसर पर कमेटी के सदस्यों में इदरीश खान, मोहम्मद शकील, मोहम्मद सुहेल, इम्तियाज अहमद, सोहेल खान, रहमान खान, कमरुद्दीन, हाजी पीर मोहम्मद, और तमाम गांव के मोमिन मौजूद रहे।

# तय समय मे लक्ष्य बना करें राजस्व प्रकरणों का निराकरण : कलेक्टर

## राजस्व अधिकारियों की हुई समीक्षा बैठक

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर इफ्फत आरा ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते हुए, राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने राजस्व अधिकारियों से लंबित राजस्व प्रकरणों की स्थिति ई-कोर्ट क्रियान्वयन, तथा भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों व मुआवजा भुगतान की जानकारी ली। कलेक्टर ने अविवादित, विवादित नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शीघ्र निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।



बैठक में कलेक्टर ने भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों की स्थिति की जानकारी लेते हुए प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अविवादित नामांतरण व खाता विभाजन के प्रकरणों को समय-सीमा के भीतर निराकरण करने तथा विवादित नामांतरण खाता विभाजन के दर्ज प्रकरणों की न्यायालयावर समीक्षा करते हुए समय सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों को लक्ष्य लेकर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सीएम एवं कलेक्टर जनदर्शन में एक माह से उपर के प्रकरणों की जानकारी लेते हुए समस्त एसडीएम एवं तहसीलदार को लंबित प्रकरणों जल्द से जल्द निराकरण करने के दिये निर्देश।उन्होंने राजस्व प्रकरणों के दर्ज निराकरण एवं लंबित प्रकरणों की स्थिति, ई-कोर्ट क्रियान्वयन, मासिक प्रगति रिपोर्ट, धारा 170 (ख) के प्रकरणों के निराकरण की प्रगति, व्यक्तिगत वन अधिकार प्रकरणों की अद्यतन जानकारी, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी को भूमि पट्टा देने की प्रगति, अनुविभाग स्तर पर सरलीकरण नियमानुसार वृक्ष कटाई, लोक सेवा केन्द्र की रिपोर्ट, चिटफंड कम्पनी के विरुद्ध की गई कार्यवाही, आर.आर.सी. वसूली की स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिये। सत्यापनकर्ता पात्रता एवं अपात्रता की शर्तों का पालन करें उन्होंने जिला में बेरोजगारी भत्ता योजना का क्रियान्वयन भी सुचारू रूप से करने, बेरोजगारी भत्ता हेतु आवेदक द्वारा दिये जा रहा जाति प्रमाण पत्रों का सतत्यान बड़ी सावधानी से करने के निर्देश दिये। बेरोजगारी भत्ते के लिए पात्रता की जो शर्ते कंडिका 4.1 से कंडिका 4.5 में दिये गये निर्देशों का पालन अवश्य करें। साथ ही अपात्रता के लिए जो शर्ते है उसका भी विशेष सावधानी से पालन करें। जिससे सही पात्र हितग्राही को लाभ मिल सके। बेरोजगारी भत्ता योजना के आवेदनों के सत्यापन के लिए गठित भौतिक सत्यापन दल को प्रतिदिन आवेदनों को सत्यापन करने के निर्देश दिए। बेरोजगारी भत्ता हेतु आवेदक के पात्र होने पर बैंक से नाम और खाता संख्या सत्यापित होने के बाद उन्हें आदेश पत्र जारी करने और पोर्टल में दर्ज कराने को कहा। उन्होंने कहा कि दोनों कार्यो में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाएं। उन्होंने जिले के अधिकारियों को राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिये।

**शीघ्रता से करें सर्वेक्षण कार्य**

समाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए समय सीमा में लक्ष्य बनाकर पूरी गंभीरता से त्रुटिरहित कार्य किये जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण के कार्य में लगे प्रगणक टीमों द्वारा प्रतिदिन किए जा रहे सर्वेक्षण की प्रगति की जानकारी लेते हुए, सर्वेक्षण की गति को बढ़ाकर शीघ्रता से कार्य करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण के कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समय, सीमा में पूरा करेंगे।

कलेक्टर ने आगमी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी को सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करते हुए कार्य किये जाने के निर्देश दिए। मतदान केन्द्रों में साफ-सफाई, रोशनी की व्यवस्था (विद्युत), दिव्यांगों के रैंप, पेयजल, शौचालय सहित आधारभूत आवश्यकताओं समय से पहले पूर्ण कराने के निर्देश दिये। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा, सुश्री प्रियंका वर्मा, डिप्टी कलेक्टर नन्द जी पाण्डेय, सर्व एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित राजस्व के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कायाकल्प योजना के तहत उप स्वास्थ्य केन्द्र जूर प्रथम एवं डेडरी को मिला द्वितीय पुरस्कार

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** कायाकल्प योजना के के तहत जिले को मिला प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना अंतर्गत राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण का आयोजन 13 अप्रैल को रायपुर में किया गया। इस योजना अंतर्गत चयनित अस्पतालों को पुरस्कृत किया जाता है। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. एस. सिंह के मार्गदर्शन में इस वर्ष जिला ने राज्य में अपना परचम लहराया राज्य स्तरीय कायाकल्प सम्मान समारोह वर्ष 2022-23 में उप स्वास्थ्य केंद्र की श्रेणी में उप स्वास्थ्य केंद्र जूर विकासखंड भैयाथान को प्रथम पुरस्कार तथा उप स्वास्थ्य केंद्र डेडरी विकासखंड सूरजपुर ने द्वितीय स्थान हासिल किया। साथ ही 81 स्वास्थ्य संस्थाओं ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। उप स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करने वाले अस्पताल को एक लाख एवं द्वितीय पुरस्कार के विजेता अस्पताल को 50 हजार की राशि प्रदान की गई। वहीं वर्ष 2021-22 में राज्य में प्रथम स्थान हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर नवापारा कला विकासखंड प्रेमनगर को एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बसदेई को पुरस्कृत किया गया था। यह





पुरस्कार बेहतर प्रबंधन बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को आम जनता तक पहुंचाने एवं साथ ही अस्पतालों में स्वच्छता के आधार पर प्रदान किया जाता है। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट कार्य करने पर जिले से सुश्री शुभम श्रीवास्तव को राज्य में सर्वश्रेष्ठ आरएमएनसीएच ए का पुरस्कार दिया गया। वहीं डॉ. तेरस कंवर नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर दीपक मरकाम डेंटल सर्जन को भी उत्कृष्ट कार्य करने हेतु पुरस्कृत किया गया।

## मधु गुंजन नृत्य संगीत प्रतियोगिता में छात्रा इशिता कश्यप रही प्रथम

**कोरबा। छ.ग. फ्रंटलाइन।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 में कक्षा पांचवी की छात्रा इशिता कश्यप ने रायगढ़ में 2 से 4 अप्रैल तक चली नृत्य संगीत प्रतियोगिता मधु गुंजन में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय सहित कोरबा जिले का नाम रोशन किया। श्री वैष्णव संगीत महाविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित ऑल इंडिया डांस म्यूजिक आर्ट कंपटीशन एंड फेस्टिवल में विभिन्न राज्यों से अनेक कलाकारों ने हिस्सा लिया। इसमें कोरबा जिले की होनहार बाल नृत्यांगना इशिता कश्यप ने सब जूनियर वर्ग में शानदार कथक नृत्य का प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इशिता ज्यादातर रायगढ़ घराने के जिन बोल बंदिशों में नृत्य करती है उसकी रचना रायगढ़ घराने के महाराजा चक्रधर सिंह के काल में संगीत विशेषज्ञों ने की है। इशिता बीते 5 वर्ष से अंतरराष्ट्रीय तबला वादक एवं नृत्य गुरु मोरध्वज वैष्णव से कत्थक नृत्य की विधिवत शिक्षा ले रही है। ईशिता के पिता रघुनंदन कश्यप एवं माता अनिता कश्यप हैं। महज 10 वर्ष की उम्र में ही इशिता ने 8 राष्ट्रीय एवं 2 अंतरराष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुकी है तथा थाईलैंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता के लिए भी चयनित हो चुकी है। इशिता के इस उपलब्धि से पूरे विद्यालय में खुशी का माहौल है।

## रासेयो संघ के सेवा विभाग ने जिला अस्पताल में लगाया रक्तदान शिविर

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**




**सूरजपुर।** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला सूरजपुर के सेवा विभाग द्वारा यहां जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन कर जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 50 यूनिट रक्तदान किया गया है। जिला अस्पताल में लगे रक्तदान शिविर में जिले के विभिन्न स्थानों से आए हुए स्वयंसेवकों ने स्वप्रेरणा से रक्तदान किया। रक्तदान शिविर के बारे में जानकारी देते हुए विभाग सेवा प्रमुख कृष्णकांत मिश्रा ने बताया कि रक्तदान के प्रति जागरूकता पैदा करने और जरूरतमंदों को समय पर रक्त प्राप्त हो सके इस उद्देश की पूर्ति हेतु इस शिविर का आयोजन किया गया है।संघ के सेवा विभाग के द्वारा शिक्षा,स्वास्थ्य, स्वच्छता स्वालंबन व अन्य क्षेत्र में समाज हित के लिए अनेकों कार्य किये जाते हैं, इसी कड़ी में आज रक्तदान कार्यक्रम था।


## कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग अम्बिकापुर जिलाः सरगुजा ( छ.ग. )

**संक्षिप्त ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना-02/2023-24 ( प्रथम आमंत्रण )**

क्रमांक/475/व.ले.लि./ग्रायांसेवा/2023-24 अम्बिकापुर, दिनांक 10.04.2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा दिनांक 26.04.2023 तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | ऑन लाईन निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | जनपद पंचायत | निविदा राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 6 |
| 1 | 129779 | 45 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | अम्बिकापुर | 39.15 |
| 2 | 130188 | 12 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | अम्बिकापुर | 39.29 |
| 3 | 130189 | 12 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | अम्बिकापुर | 37.10 |
| 4 | 130190 | 13 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | अम्बिकापुर | 39.78 |
| 5 | 130191 | 06 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | अम्बिकापुर | 33.93 |
| 6 | 130192 | 07 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | अम्बिकॉपुर | 39.50 |
| 7 | 130193 | 17 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | उदयपुर | 39.09 |
| 8 | 130194 | 18 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | उदयपुर | 39.92 |
| 9 | 130195 | 16 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | उदयपुर | 39.83 |
| 10 | 130196 | 14 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | उदयपुर | 39.35 |
| 11 | 130197 | 15 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | उदयपुर | 39.12 |
| 12 | 130198 | 17 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | उदयपुर | 39.88 |
| 13 | 130199 | 14 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | उदयपुर | 39.27 |
| 14 | 130200 | 19 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | लुण्ड्रा | 38.81 |
| 15 | 130201 | 12 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | लुण्ड्रा | 39.66 |
| 16 | 130202 | 13 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | लुण्ड्रा | 39.65 |
| 17 | 130203 | 22 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | लुण्ड्रा | 38.17 |
| 18 | 130204 | 10 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | लुण्ड्रा | 39.04 |
| 19 | 130205 | 30 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | लुण्ड्रा | 39.25 |
| 20 | 130206 | 15 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | लुण्ड्रा | 37.72 |
| 21 | 130207 | 23 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | लुण्ड्रा | 36.58 |
| 22 | 130209 | 13 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | लुण्ड्रा | 37.30 |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://cgeproc.cgstate.gov.in से दिनांक 10.04.2023 से देखी जा सकती है।

**टीप :-** मैन्युअल दस्तावेज की अंतिम तिथि 27.04.2023 सायं 5.30 बजे तक कार्यालय कार्यपालन अभियन्त, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग अम्बिकापुर जिला सरगुजा अम्बिकापुर में पहुंचना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियन्त**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग**
**अम्बिकापुर**

जी-00230/3


# राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह : जिले के अग्निशमन विभाग ने निकाली जन-जागरूकता रैली

## अग्नि से होने वाली दुर्घटना एवं बचाव हेतु किया गया लोगो को जागरूक

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत शुक्रवार को जिले के अग्निशमन विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से शहर में जन जागरूकता रैली निकाल कर अग्नि से होने वाली दुर्घटना एवं बचाव के बारे में लोगो को जागरूक किया गया।

आज ही के दिन विक्टोरिया डॉक मुंबई बंदरगाह में 14 अप्रैल 1944 को जहाज एसएस फोर्ट स्टिकिन बॉम्बे कार्गो में मालवाहक विस्फोटक सामग्री एवं युद्ध उपकरण भरे हुए थे। जिसमें अचानक ही भयावह आग लग गई थी, जिसमें लगभग 66 अग्निशमन कर्मी आग बुझाते हुए हादसा में शहीद हो गये थे। इन्हीं शहीद अग्निशमन कर्मी की स्मृति में भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है। इसी के परिपालन में आज कलेक्टर




इफ्फत आरा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, संयुक्त कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, उप निरीक्षक(अ) राकेश पाण्डेय, फायरमैन विकास शुक्ला ने राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह में अपनी जान गवाने वाले शहीद फायरमैन, जिन्होंने कर्तव्यनिष्ठा से अपने जीवन की आहुति दी। उनकी याद में 2 मिनट का मौन धारण श्रद्धांजंलि दी। इसके पश्चात् अग्निशमन विभाग द्वारा अग्नि सुरक्षा जन-जागरूकता रैली कर फ्लैग मार्च किया गया। अग्निशमन विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से कोतवाली चैक, चन्द्रपुर ढुंढरा, भैयाथान रोड़ होते हुए शहर के नागरिकों को नारे व पंपलेट के माध्यम से अग्नि से होने वाली दुर्घटना एवं बचाव के बारे में जागरूक किया गया। अग्निशमन विभाग द्वारा जन जागरूकता के लिए एक सप्ताह 14 से 20 अप्रैल तक जिले के विभिन्न विकासखण्डों में जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया जायेगा।

इस दौरान वाहन चालक छक्के लाल राजवाड़े, बृजबिहारी गुप्ता, राजेश खेस, संतोष शर्मा, राहूल साहू, मेजर बीरबल गुप्ता, देव कुमार, सुरदयाल, राजकुमार, सैनिक उमेश जायसवाल, रूपेश वर्मा, मृत्युंजय पाण्डेय, मुकेश शर्मा, बिकुल राम, उज्जैन सिंह, शिवप्रसाद, रवि शंकर, विजेन्द्र सिंह, कवल साय, सुखल सिंह, गुरू बृजेश्वर, शिवप्रताप सिंह, बाबूनाथ सहित अन्य फायरकर्मी उपस्थित थे।

## चोरी की 2 बाईक के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** चोरी की दो बाईक के साथ जिले की बसदेई पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार किया है।बताया गया है कि बीते गुरुवार को ग्राम उंचडीह के महेन्द्र विश्वकर्मा ने चौकी बसदेई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 12 अप्रैल को एक व्यक्ति के बच्चे के जन्मदिन के अवसर पर ग्राम उंचडीह गेल्हापारा में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया था जहां वह अपने हीरो स्पेलेण्डर प्रो मोटर सायकल से गया और मोटर सायकल को खड़ा कर कार्यक्रम देखने चला गया वापस आकर देखा तो मोटर सायकल वहां नहीं था कोई अज्ञात चोर ने मोटर सायकल को चोरी कर ले गया है।

वहीं दूसरे मामले में ग्राम सुन्दरपुर निवासी बरन राम चेरवा ने चौकी बसदेई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपने बजाज सीटी 100 मोटर सायकल से बसदेई बाजार गया था जहां मोटर सायकल खड़ा कर सब्जी लेने



गया था जब वापस आया तो देखा कि मोटर सायकल वहां नहीं है किसी अज्ञात चोर के द्वारा मोटर सायकल चोरी कर ले गया है। दोनों मामलों में रिपोर्ट पर धारा 379 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। बसदेई पुलिस आरोपियों की पतासाजी में लगी थी इसी बीच मुखबीर से सूचना मिला कि मोटर सायकलों को ग्राम महेशपुर निवासी अनिल सारथी एवं उंचडीह के राम कुमार सारथी के द्वारा चोरी किया गया है। सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर अनिल सारथी उर्फ पवन 23 वर्ष निवासी ग्राम महेशपुर, चौकी लटोरी, हाल निवासी उंचडीह एवं रामकुमार 22 वर्ष निवासी उंचडीह, चौकी बसदेई को पकड़ा गया। पूछताछ पर दोनों ने बताया कि ग्राम उंचडीह गेल्हापारा में सांस्कृतिक कार्यक्रम से 1 नग मोटर सायकल तथा बसदेई बाजार से 1 नग मोटर सायकल चोरी किए है। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी के 2 नग मोटर सायकल कीमत 81 हजार रूपये को बरामद कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी बसदेई बृजेश यादव, एएसआई मानिक दास, माधव सिंह, प्रधान आरक्षक लिनुस लकड़ा, आनंद सिंह, आरक्षक विश्वजीत सिंह, अमित सिंह, सुरेश साहू, बाबुनाथ, देवदत्त दुबे व प्रेम सिंह सक्रिय रहे।

## जीवन मे सफलता हासिल करने के लिए बनाना होगा लक्ष्य : शालमोन

### कैरियर गाइडेंस-डिसीजन मेकिंग के बारें में विद्यार्थियों को दी गई जानकारी

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** यहां के शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ एच एन दुबे के निर्देशन महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल की अध्यक्षता में प्रभारी प्राचार्या सुश्री प्रतिभा कश्यप के मार्गदर्शन में

महाविद्यालय के कैरियर गाइडेंस सेल प्रभारी डॉ चंदनकुमार एवं डॉ रश्मि पांडेय विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र के सहयोग से कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सुश्री नेहा शालमोन निजी ब्रांडिंग व्यापार कोच सामाजिक कार्यकर्ता बेबीलोन स्कूल रायपुर के सह संस्थापक रहीं। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को नेहा शालमोन ने बताया कि जीवन में कई बार उतार चढ़ाव आएंगे जिसे पार करते हुए हमें अपने लक्ष्य तक पहुंचना होगा। सफलता हासिल करने के लिए जीवन में एक लक्ष्य बनाना होगा। परिस्थिति कैसी भी हो हमें हार नहीं मानना है। सतत प्रयास करते रहने से ही हम सफलता प्राप्त कर सकते हैं। जिंदगी में सफल होने का एक ही रास्ता है, सही समय पर सही करियर चुनना, लेकिन अक्सर देखा गया है कि छात्र इस बात को लेकर सबसे ज्यादा परेशान रहते हैं कि हम किस फील्ड का चुनाव करें और किसका नहीं अगर आप भी उन लोगों में से है तो अपनी योग्यता और इंट्रेस्ट के आधार पर कैरियर का चुनाव करें। एक सही कैरियर का चुनाव आपके न सिर्फ सभी सपने पूरे कर सकता है बल्कि जिंदगी में आप जो बनना चाहते हैं, वो बन भी सकते हैं। हमारा कहना है कि हर युवा को अपनी लाइफ और कैरियर का निर्णय खुद से लेना चाहिए। स्किल को सबसे अधिक लोगो ने सही माना है क्योंकि व्यक्ति जब स्वयं निर्णय लेता है और उस निर्णय पर काम करता है तो उसे अंदर से साहस और आत्मविश्वास जैसे भावना का निर्माण होता हैं। आज के इस कार्यक्रम में डॉ व्ही के झा विभागाध्यक्ष रसायन, टी आर राहंगडाले विभागाध्यक्ष वनस्पति शास्त्र, बुध लाल साहू विभागाध्यक्ष हिंदी, अनिल चक्रधारी, दीपचंद एक्का, भानु प्रताप आहिरे, डॉ शिवानी गुप्ता, श्रीमती सुप्रिया तिवारी, सुश्री सैय्यदा जेबा बख्तियार एवं कला, वाणिज्य व विज्ञान संकाय की बड़ी संख्या में छात्र - छात्राएं उपस्थित रहें।

सरगुजा फ्रंटलाइन

# खाद्य मंत्री ने एयरपोर्ट उन्नयन कार्य का निरीक्षण किया, हवाई रूट की ली जानकारी

## फिनिशिंग कार्य में तेजी लाने और जल्द पूरा करने के निर्देश

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अमरजीत भगत ने शुक्रवार को दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट के उन्नयन कार्यों का निरीक्षण किया। तकनीकी टीम के साथ निरीक्षण करते हुए उन्होंने फिनिशिंग कार्य में तेजी लाकर जल्द पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। फिनिशिंग कार्य पूर्ण होने पर सभी आवश्यक मापदंडों का निरीक्षण कर लैंडिंग व टेक-ऑफ ट्रायल की तैयारी की जाएगी। खाद्य मंत्री ने निर्माणाधीन एयरपोर्ट का जायजा लेते हुए फिनिशिंग कार्य का अवलोकन किया और माहांत तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा निर्माण में तय मापदंड एवं गुणवत्ता का पूरा



ध्यान रखें ताकि जांच में कोई कमी न रहे। इस दौरान कलेक्टर कुंदन कुमार भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया रन-वे का कार्य पूर्ण है, फाइनल मार्किंग का काम चल रहा है। इसके बाद आवश्यक मापदंड को पूर्ण करते हुए कुछ दिन बाद रन-वे में लैंडिंग व टेक-ऑफ का ट्रायल संभावित है। खाद्य मंत्री ने इस दौरान अधिकारियों से हवाई रूट की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात है। राज्य अंतर्गत उत्तर से दक्षिण तक कनेक्टिविटी के साथ ही अन्य राज्य के महत्वपूर्ण शहरों तक कनेक्टिविटी का प्रस्ताव करें, जिससे लोगों के हवाई सफर में सुविधा विस्तार हो और ज्यादा क्षेत्रों तक त्वरित पहुंच आसान हो सके। इस अवसर पर मदरसा बोर्ड के उपाध्यक्ष इरफान सिद्दीकी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि अधिकारी-कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद थे।

### सड़क निर्माण का किया भूमिपूजन



खाद्य मंत्री ने अंबिकापुर विकासखंड के ग्राम महेशपुर में लोक निर्माण विभाग के तहत महेशपुर कालीपुर-चिरगा मार्ग का भूमिपूजन किया। इस सड़क की लंबाई करीब 7.80 किलोमीटर है। इस अवसर पर उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ शासन आम जन को बेहतर सुविधाएं देने प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में आज इस क्षेत्र के ग्रामीणों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए सड़क के उन्नयन व मजबूती करण कार्य का भूमिपूजन किया गया। महेशपुर-कालीपुर-चिरगा मार्ग का 763.82 लाख रुपये की लागत से सड़क उन्नयन एवं मजबूतीकरण कार्य किया जाना है।

# चोरी की दो मोटरसाइकिल के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस द्वारा दुपहिया वाहन चोरी के मामले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सीतापुर थाने की पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामलों में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार कर इनसे दो नग दुपहिया वाहन बरामद किया है। पुलिस ने एक सप्ताह के अंदर चार नग दुपहिया वाहन आरोपियों से बरामद किया है।




सीतापुर थाने में जगसाय यादव निवासी चलता एवं एक अन्य मामले में नौसाद खान निवासी केसला के द्वारा 13 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराया कि घर के आंगन, परछी में खड़ी गाड़ियों को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 457, 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सीतापुर ध्रुवेश जायसवाल के नेतृत्व में थाना प्रभारी सीतापुर उप निरीक्षक शिशिरकान्त सिंह एवं पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में मुखबिर तैनात किए गए थे। पुलिस टीम के सतत प्रयास से मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध शनि राम उर्फ जकनू राम माझी निवासी सीतापुर को घेराबंदी कर पुलिस पकड़ी और पूछताछ की तो आरोपियों ने दोनों बाइक चोरी के मामलों में संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर चोरी किए गए एचएफ डीलक्स एवं पैशन मोटरसाइकिल को बरामद किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सीतापुर उप निरीक्षक शिशिरकान्त सिंह के साथ उप निरीक्षक अनिल सोनवानी, प्रधान आरक्षक नंदकुमार प्रजापति, रामबचन राम, आरक्षक अभिषेक राठौर, धनकेश्वर यादव, पंकज देवांगन शामिल रहे।

# एनीकट का 80 प्रतिशत से अधिक पानी बहा भीषण गर्मी में जलसंकट को लेकर बढ़ी चिंता

### कन्हर नदी का धार सूखते ही 24 घंटे के अंदर गेट खराब होने के कारण बनी यह स्थिति

**छ.ग.फ्रंटलाइन रामानुजगंज।** कन्हर नदी का धार सूखते ही 24 घंटे के अंदर एनीकट का पानी गेट खराब होने के कारण 80 प्रतिशत से अधिक पानी बह गया, जिससे अब नगर की करीब 25 हजार की आबादी भीषण जल संकट से दो-चार होगी। नदी की स्थिति देखकर नगरवासी चिंतित हैं, वहीं नगर पंचायत के भी हाथ-पांव फूलने लगे हैं। एनीकट के कार्य में भ्रष्टाचार का खामियाजा पूरे नगर के लोगों को भुगतना पड़ेगा। नौ करोड़ रुपये खर्च करके एनीकट का निर्माण जल संसाधन विभाग के द्वारा कराया गया था, परंतु गेट ठीक नहीं रहने के कारण पानी का स्टोरेज नहीं टिक पाया।



गौरतलब है कि नगर पंचायत की जल प्रदाय व्यवस्था पूर्णतः कन्हर नदी पर आश्रित है, ऐसे में मानसून आने के करीब दो माह पूर्व ही नदी के सूख जाने से नगर में पेयजल आपूर्ति की भीषण समस्या नगर पंचायत के सामने खड़ी हो जाएगी। बीते दिनों हुई वर्षा के कारण नदी में पानी करीब एक माह तक टिका रहा, परंतु अब नदी की धार सूखने की स्थिति में है। नदी में पानी की धार सूखने के साथ ही एनीकट भी सूखने की स्थिति में आ गया है। यदि एनीकट का गेट खराब नहीं होता तो पानी एनीकट में टिका रहता, परंतु एनीकट के सभी गेट खराब होने के कारण पानी तेजी से निकल रहा है। जल संसाधन विभाग की बड़ी लापरवाही एवं भ्रष्टाचार का खामियाजा नगर की करीब 25 हजार की आबादी को भुगतना पड़ेगा।

**कुआं, हैंडपंप भी सूखने लगे**

कन्हर नदी सूखने के साथ ही नगर के अधिकांश हैंडपंप, कुआं भी अब सूखने लगे हैं। यदि समय रहते किसी वैकल्पिक व्यवस्था पर विचार करके पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की जाती है तो आने वाले समय में भीषण पेयजल संकट से नगर के लोगों को दो-चार होना पड़ेगा।

**जल संसाधन विभाग कुंभकर्णी निद्रा में**

करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार का आरोप झेल रहा जल संसाधन विभाग कुंभकर्णी नींद में सोया है। एक तरफ नगर की 25 हजार की आबादी पानी के लिए त्राहि-त्राहि करेगी, दूसरी और जल संसाधन विभाग के अधिकारी बिल्कुल बेपरवाह बने हुए हैं, इन्हें जनता के सरोकारों से कोई मतलब नहीं रह गया है। अधिकारी ऐसे बेपरवाह हो गए हैं कि सुधार कार्य तो दूर, एनीकट के गेट को देखना तक उन्हें जहमत लग रहा है।

**पेयजल आपूर्ति बनी रहे, इसके लिए कर रहे प्रयास-रमन**

नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा एनीकट का गेट खराब होने के कारण नदी का धार सूखने के साथ ही पानी निकल गया। यदि एनीकट का गेट ठीक रहता तो नदी का धार सूखने के बाद भी एनीकट में पानी स्टोरेज रहता एवं नगर में पेयजल आपूर्ति में परेशानी नहीं होती। उन्होंने कहा हम लोगों के द्वारा कई बार विभाग को लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराया गया परंतु जल संसाधन विभाग के द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने के कारण गेट का मरम्मत आज तक नहीं हो पाया है और ऐसी समस्या उत्पन्न हो रही है। नगर पंचायत का पूरा प्रयास है कि किसी भी स्थिति में नगर में पेयजल की आपूर्ति बनी रहे, इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# सर्व अंबेडकर विचार मंच ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती पर काटा केक

### नगर में निकली रैली, संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया

**छ.ग.फ्रंटलाइन रामानुजगंज।** सर्व अंबेडकर विचार मंच ब्लॉक इकाई रामानुजगंज के तत्वधान में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर के अंबेडकर पार्क में डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया, केक काटा गया। इसके बाद रैली निकाली गई, जो नगर के प्रमुख चौक-चौराहों से होते गांधी मैदान में पहुंची, जहां संविधान की प्रस्तावना का वाचन, पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। वक्ताओं के संबोधन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



सर्व आंबेडकर विचार मंच ब्लॉक इकाई रामानुजगंज के द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती को लेकर कई दिन पूर्व से व्यापक स्तर में तैयारियां की जा रही थी, इसके लिए कई बार बैठकें आयोजित की गई। जयंती को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। इस मौके पर अंबेडकर पार्क की सफाई एवं सजावट कराई गई थी, जगह-जगह झंडा भी लगाया गया था। गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के पुनीत कार्यों को याद करते हुए उन्हें भारत माता का सच्चा सपूत बताया। इस दौरान रविदास समाज जनकल्याण सरगुजा संभाग के जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद रवि, सर्व अंबेडकर विचार मंच के ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रदेव राम, सुरेश रवि, नंदलाल रवि, नरेश रवि, डॉ. रमेश रवि, राजू रवि, यदुनंदन राम, मुन्ना नागवंशी, आदित्य दास, कृष्णा रवि, विनोद रवि, महेंद्र रवि, बाल धनी रवि, राजदेव रवि, देव कुमार रवि, शिवलाल रवि, सोभनाथ रवि सहित अन्य उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन राजू रवि एवं आभार प्रदर्शन नरेश रवि ने किया। जनप्रतिनिधियों में कन्हैया लाल अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष बजरंग गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष शर्मिला गुप्ता, पार्षद अशोक जयसवाल, अरुण केसरी, अनूप तिवारी, रामसेवक गुप्ता, शैलेश गुप्ता, डॉ. अमरेश सिंह, किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विकास दुबे, सनोज दास, कौशल जयसवाल, उमेश सिंह, आशीष सिंह, विकास गुप्ता, सुनील कन्हरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कल्पना व प्रमोद को बेरोजगारी भत्ता की स्वीकृति

**मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना तहत मिलेगा लाभ**

**छ.ग.फ्रंटलाइन कुसमी।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत नगर पंचायत कुसमी अंतर्गत नगर की कल्पना एवं प्रमोद को बेरोजगारी भत्ता की स्वीकृति प्रदान की गई।

योजनांतर्गत उक्त दोनों को 25 सौ रुपये प्रति माह की दर से बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया जाएगा। दोनों ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा योजना से रोजगार की तैयारी में सहायता मिलेगी, वे आने वाले समय में प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार प्राप्त कर सकेंगे। हितग्राहियों में एक कल्पना तिर्की अंबिकापुर में बीएससी में अध्ययनरत है, वह नर्स बनने के सपने को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा प्रदत्त बेरोजगारी भत्ता योजना को बड़ा सहयोग मान रही है। सुरक्षाकर्मी के रूप में अपना करियर बनाने के इच्छुक कुसमी निवासी प्रमोद तिर्की का मानना है कि वह इस बेरोजगारी भत्ते



से अपने सपने पूरा कर पाएगा। दोनों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पण

### नगर पंचायत प्रतापपुर के सांस्कृतिक भवन में हुआ आयोजन

**छ.ग.फ्रंटलाइन प्रतापपुर।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर नगर पंचायत प्रतापपुर के सांस्कृतिक भवन में कार्यक्रम का आयोजन कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस दौरान जनपद पंचायत प्रतापपुर के अध्यक्ष जगत लाल आयाम, मां महामाया शक्कर कारखाना के अध्यक्ष विद्यासागर सिंह, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के संभागीय अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह टेकाम, नैमुद्दीन खान, संतोष मिंज सहित अन्य अतिथियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया, साथ ही समरसता का भाव समाज में पैदा करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में एसटी-एससी संगठन के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। जनपद अधयक्ष ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने देश को नई दिशा दी और सामाजिक समरसता के मंत्र को लोगों के बीच प्रस्तुत किया। कमजोर और पिछड़ा वर्ग को समान अधिकार दिलाने, जाति व्यवस्था का कड़ा विरोध कर समाज में सुधार लाने उन्होंने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया, यही वजह है कि



बाबा साहेब की जयंती को भारत में जातिगत भेदभाव और उत्पीड़न जैसी सामाजिक बुराइयों से लड़ने, समानता दिवस और ज्ञान दिवस के रुप में मनाया जाता है। उन्होंने जाति व्यवस्था का कड़ा विरोध कर समाज में सुधार लाने का काम किया है। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष लखन रवि, शिव प्रसाद रवि, सुशील राम रवि, बनारसी रवि, सोमारु देवांगन, जगजीवन रवि, बनाफर रवि, बाबूलाल सिंह, बनवारी लाल, अंबिका रवि, रामप्रसाद रवि, चिंताराम साण्डे, घनश्याम रात्रे, साहेब लाल कुर्रे, विजय राम, तिलक धारी रवि, ईश्वर प्रसाद बंजारे, बालचंद भारती सहित सैकड़ों की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

# अंबेडकर जयंती पर विधायक चिंतामणि महाराज ने कहा-वर्तमान में भारतीय संविधान संकट में

**छ.ग.फ्रंटलाइन राजपुर।** सर्व आदिवासी समाज ने मंडी प्रांगण में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई। इस मौके पर सामरी विधायक चिंतामणि महाराज ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि धर्म, वर्ग, जाति के भेद से परे संविधान में समानता का अधिकार हर किसी के लिए उपलब्ध कराने का श्रेय डॉ. अंबेडकर को जाता है। वर्तमान में भारतीय संविधान संकट में है, जहां अभिव्यक्ति की आजादी पर पाबंदी लगाने की दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है। देश के संसद में प्रजातंत्र के तरीके से चुने गए सांसदों को बोलने नहीं दिया जाता है। संविधान के संरक्षण की समूची जिम्मेदारी कानूनविदों की है। हमारे देश में संविधान का ही राज चलता है। डॉ. अंबेडकर ने जो राह हम सबको दिखाई है उस पर ही हमें बढ़ना है और समानता, भाईचारे, सौहार्द्र को बनाए रखना है। सर्व आदिवासी समाज के ब्लॉक



अध्यक्ष पारसनाथ आयम ने कहा समाज अब जागरूक हो रहा है, लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं, समाज से जुड़ रहे हैं। संविधान हमें अधिकारों के माध्यम से ही शक्ति और संरक्षण प्रदान करता है। भारत रत्न डॉ. अंबेडकर स्वतंत्रता, समानता और भाईचारा पर विश्वास करते थे। वर्तमान परिस्थितियों में संविधान की व्याख्या लोग अपने-अपने तरीके से कर रहे हैं, परंतु हमारे भारतीय संविधान ने जो समानता स्वतंत्रता हमें प्रदान की है उस बूते हमें अनेकता में एकता बनाए रखनी है, जो हमारे संविधान निर्माताओं की मूल मंशा थी। हमें डॉक्टर अंबेडकर के बताए रास्ते पर चलकर भारत के नव निर्माण का संकल्प लेना है।

# एसईसीएल अस्पताल प्रबंधन की पहल पर महिलाओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

**छ.ग.फ्रंटलाइन भटगांव।** सूरजपुर जिले के कोयलांचल नगरी में एसईसीएल अस्पताल प्रबंधन की ओर से बड़ी पहल करते हुए क्षेत्र की महिलाओं के स्वास्थ परीक्षण के लिए निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जीवन ज्योति अस्पताल अंबिकापुर में सेवा दे रही बैंगलोर की भूतपूर्व स्त्री और प्रसूति रोग विशेषज्ञ स्नेहा सिंह समेत दस सदस्यीय चिकित्सीय टीम ने क्षेत्र की महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण में अहम भूमिका निभाई। महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने के लिए जागरुकता अभियान भी चलाया गया। साउथ ईस्टन कोलफील्ड्स लिमिटेड भटगांव के महाप्रबंधक एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के तत्वाधान में एसईसीएल से अनुबंधित जीवन ज्योति अस्पताल द्वारा आयोजित निःशुल्क महिला स्वास्थ्य एवं जागरूक कार्यक्रम का शुभारंभ सीएमओ डॉ. यूएस बैठा द्वारा किया गया। जीवन ज्योति अस्पताल की मुख्य स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. स्नेहा सिंह (एम.एस गायनिक) के सान्निध्य में 100 से अधिक महिलाओं का ना केवल स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, अपितु स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया। महिला स्वास्थ्य



जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने तथा खून की कमी से होने वाली समस्याओं से अवगत करवाया गया। डॉ. स्नेहा सिंह द्वारा लगभग 100 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, 12 महिलाओं में गर्भाशय फाइब्राइड ए, 20 महिलाओं में पीसीओडी एवं 15 महिलाओं में बांझपन की शिकायत पाई गई, इन्हें आवश्यक ईलाज के लिए अस्पताल में संपर्क करने के कहा गया। शिविर के दौरान आए हुए मरीजों का निःशुल्क परामर्श एवं निःशुल्क जांच जैसे ब्लड शुगर, रेन्डम, बीपी आदि की जांच की गई, साथ ही पैप स्मीयर टेस्ट भी किया गया। बच्चेदानी के मुख कैंसर की पूर्व और कैंसर की स्थिति का पता लगाने की तकनीकी का भी लाभ महिलाओं को मिला।

# सरगुजा संभाग में शिक्षक पद पर पदोन्नति उपरांत पदांकन हेतु काउंसिलिंग 17 से

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा ने बताया कि सरगुजा संभाग अंतर्गत सहायक शिक्षक से शिक्षक, हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, उर्दू एवं गणित विषय के पदों पर पदोन्नति पश्चात पदांकन हेतु काउंसिलिंग 17 से 20 अप्रैल तक सेंट जेवियर्स उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा में आयोजित की जाएगी। ज्ञातव्य है कि सरगुजा संभाग में हिंदी के 569, अंग्रेजी के 242, विज्ञान के 842, उर्दू के 03 एवं गणित के 315 शिक्षकों की पदोन्नति हेतु विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक हो चुकी है। इन पदों पर पदांकन काउंसिलिंग द्वारा किया जाना है। पदोन्नत शिक्षकों की विषयवार सूची एवं काउंसिलिंग हेतु निर्धारित तिथि वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। सभी सहायक शिक्षकों को उनके विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं सीएसी के माध्यम से व्यक्तिगत सूचना भेजी जा रही है। शासन के निर्देशानुसार काउंसिलिंग में दिव्यांग एवं गंभीर रूप से बीमार सहायक शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी, सर्वप्रथम इनकी ही काउंसिलिंग की जाएगी। सभी सहायक शिक्षक अपने विकासखंड शिक्षा अधिकारी अथवा सीएसी से संपर्क कर काउंसिलिंग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं अथवा वेबसाइट पर जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 ( छत्तीसगढ़ ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक- कमलेश मिश्रा